नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 285 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, मंगलवार 23 अगस्त 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in





पेज -3 पर

'बस चालकों से लगातार बढ़ रहे घटना के बाद भी नहीं ....





महासमुन्द में पुलिसिंग को चुस्त-दुरुस्त करने बढ़ाई गई ...

पेज -8 पर


## एक नजर

### सीएम ने किया डॉक्टर्स का सम्मान

रायपुर के फ्री हेल्थ चेकअप कैंप में 3000 लोगों को मिली सुविधा, 23 अगस्त को होगा समापन



**रायपुर।** रायपुर के इंडोर स्टेडियम में फ्री हेल्थ चेकअप का आयोजन किया गया है। सोमवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने यहां सेवा दे रहे सभी डॉक्टरों, समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद ज्ञापित कर उन्हें सम्मानित भी किया। दरअसल नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर ने मुख्यमंत्री के जन्मदिन को सेवा और समर्पण भाव से मनाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया। ये शिविर 23 अगस्त की शाम तक चलेगा 21 अगस्त को शुरू हुए इस शिविर में अब तक 3000 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया है।

### छत्तीसगढ़ पुलिस में ट्रांसफर

प्रदेश के 11 ASP-DSP बदले गए, मानपुर, पत्थलगांव जैसे इलाकों में बदलाव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पुलिस महकमे में बदलाव किए गए हैं। 11 ASP-DSP को बदला गया है। इसमें पत्थलगांव, मनेंद्रगढ़, खैरागढ़ जैसे इलाकों के अधिकारियों को बदला गया है। इसे लेकर सरकार की तरफ से आदेश जारी कर दिया गया है।

जारी आदेश के मुताबिक, नेहा पांडेय को डोंगरगढ़ से खैरागढ़, आकाश मरकाम को मोहला मानपुर भेजा गया है। इसी प्रकार महेश्वर नाग को एएसपी ट्रैफिक रायगढ़ से सारंगढ़ का एएसपी बनाया गया है। वहीं संदीप मित्तल को जशपुर जिले के कुनकुरी का एएसपी बनाया गया है।

# सत्ता पक्ष के 8 विधायक होने के बाद भी सड़कों का खस्ताहाल जिम्मेदार कौन ?

## छत्तीसगढ़ में सबसे खराब सड़क रायगढ़-जशपुर जिले का









जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

छत्तीसगढ़ में भाजपा 15 साल तक राज किया, 15 साल तक शासन करने के बाद भी रायगढ़-जशपुर जिले के सड़कों को सुधारने पर ध्यान नहीं दिया। इन दोनों जिले के सड़क का हाल बहुत ही खराब था।

दोनों जिले के जनता ने 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को अच्छे से सबक सिखाया और 8 विधानसभा में एक भी विधानसभा में भाजपा जीत दर्ज नहीं कर पायी। 8 के 8 विधायक कांग्रेस के जीत कर विधानसभा पहुंचा। चुनाव के बाद जिले वासियों को आश जगी थी। कि सत्ता परिवर्तन हुआ है और 15 साल बाद कांग्रेस सत्ता में वापसी की है, क्षेत्र का विकास होगा। 15 साल तक सत्ता से दूर रहने के बाद फिर जब कांग्रेस सत्ता में आई तो सत्ता के नशे में चूर कांग्रेसी विधायक भूल गये कि क्षेत्रवासी किस कारण भाजपा को सत्ता से दूर किया है। दोनों जिले के आठों विधानसभा में कांग्रेस के विधायक होने के बाद भी सड़क का ये हाल है कि सड़क पर चलना क्षेत्रवासियों के लिए जान पर खेलना होता है। लेकिन 8-8 कांग्रेसी विधायक को सड़क का खस्ता हाल दिखाई नहीं देता। जनता इन लापरवाह, निष्कृय विधायकों पर क्या भरोसा करें। ये विधायक लोग दो-चार मीडिया वालों को अपने पक्ष में लेकर मीडिया में वाह -वाही लूटते रहते हैं। इन जनप्रतिनिधियों को शायद ये नहीं मालूम की क्षेत्र की जनता 15 साल तक राज करन वाली पार्टी को किस कदर धूल चटवाया है। यदि समय रहते सत्ता पक्ष के विधायक जनता के हित में काम नहीं करती है तो आने वाले समय में फिर एक बार कांग्रेस को भी सबक सिखायेगी? आज हम बात कर रहे हैं रायगढ़ और जशपुर जिले की सड़कों का। आपको बता दे कि रायगढ़ से धरमजयगढ़, धरमजयगढ़ से पत्थलगांव, खरसिया से धरमजयगढ़ के सड़कों का हाल देखकर तो जनप्रतिनिधियों को शर्म से चूल्लू भर पानी में डूब जाना चाहिए, लेकिन इन जनप्रतिनिधियों को शर्म है ही नहीं तो फिर इनको क्या का शर्म। सड़क पर इतने बड़े-बड़े गड्डे है कि बड़े-बड़े गाड़ी समा जाती है। इन सड़कों पर तो दो पहिया, चार पहिया गाड़ी से आना जाना यानि अपनी जान को दाव में लगाना है। खरसिया रोड से सैकड़ों स्कूली छात्र-छात्रा पढ़ाई करने स्कूल आते हैं लेकिन बच्चे स्कूल आते आते पूरी तरह किचड़ से छन जाते हैं। सड़क में घूटने के बराबर पानी फंस रहता है ये सब न तो जनप्रतिनिधियों को दिखता है और न तो स्थानीय अधिकारी-कर्मचारियों को। जशपुर जिले में भी जनता ने 3 विधायक को विधानसभा भेजा है ताकि क्षेत्र का विकास हो सके लेकिन यहा के विधायक भी सिर्फ मीडिया में बने रहने के लिए कुछ भी करते रहते हैं ताकि मीडिया इनको हीरो बनाकर जनता के सामने पेश करें। लाखों करोड़ों से निर्माण होने वाली सड़कों को ठेकेदार अधिकारी की मिलीभगत से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया जा रहा है और सत्ता पक्ष के विधायक चुपचाप तमाशा देख रहे हैं।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर
















**जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा क्षेत्रवासियों को**

### एसडीओ पीडब्लयूडी वर्षों से मुख्यालय से नदारद, फिर कैसे सुधरेगी सड़कों का हाल

आपको बता दे कि धरमजयगढ़ लोक निर्माण विभाग में पदस्थ एसडीओ वर्षों से मुख्यालय से नदारद रहते हैं लेकिन इनको टोकने वाला कोई नहीं है। जब मुखिया ही मुख्यालय में न रहता हो तो मुख्यालय का क्या हाल हो रहा होगा ये आप खुद सोच सकते हैं। सड़कों का हाल एसडीओ का मुख्यालय में नहीं रहना से सब जानकारी हमारे विधायक लालजीत महोदय को होने के बाद भी विधायक राठिया द्वारा क्यों विभागीय अधिकारियों को फटकार लगाते हुए सड़कों का हाल सुधारने बोलते हैं ये क्षेत्रवासियों के समझ में नहीं आ रहे हैं। मजेदार बात है कि पीडब्लयूडी एसडीओ कौन है धरमजयगढ़ के 90 प्रतिशत लोग नहीं जानते हैं क्योंकि साहब जी तो रायगढ़ मुख्यालय में बैठकर ही धरमजयगढ़, लैलूंगा, घरघोड़ा मुख्यालय को चला रहे हैं। जब घर में बैठकर वेतन मिल जा रहा है तो फोकट में तो फिर काम किस लिए करेंगे। ऐसे अधिकारी-कर्मचारी विधायक राठिया को चाहिए कि ऐसे लापरवाह अधिकारी-कर्मचारियों का क्लास ले ताकि क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधा का लाभ मिल सके।

## 6 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिए जाने पर कर्मचारी संगठनों ने जताया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार





**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से आज शाम यहां उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ, छत्तीसगढ़ लघु वेतन कर्मचारी संघ और छत्तीसगढ़ सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की । प्रतिनिधिमंडल ने शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों को 6% महंगाई भत्ता दिए जाने पर मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा निरंतर शासकीय कर्मचारियों के हित में निर्णय लिए जा रहे हैं। पुरानी पेंशन योजना लागू करने से कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित हुआ है। वे सेवानिवृत्ति के बाद भी आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर जीवन व्यतीत कर पाएंगे।

सीएम बघेल ने अमित शाह से मांगे अधिकार

## गृहमंत्री से बोले भूपेश- केंद्रीय बलों की तैनाती का खर्च केंद्र उठाए



**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 23वीं बैठक भोपाल में हुई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार से छत्तीसगढ़ के लिए अधिक अधिकार मांगा है। मुख्यमंत्री ने कहा, अब यह समय आ गया है कि विकास के लिए राज्यों को ज्यादा से ज्यादा अधिकार संपन्न किया जाए। छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, हमारे संविधान ने भारत को राज्यों का संघ कहा है। इसमें राज्य की अपनी भूमिका तथा अधिकार निहित हैं। हमने आजादी की गौरवशाली 75वीं सालगिरह मना ली है।

परिवहन विभाग द्वारा विशेष अभियान

## संचालन संबंधी प्रक्रिया तथा परिवहन विभाग के नियम व शर्तों का पालन नहीं होने पर 6 ड्राइविंग स्कूल निलंबित





रायपुर। परिवहन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के निर्देश के परिपालन में विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाए जाकर विगत 15 दिवस में 6 विभिन्न ड्राइविंग स्कूलों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की गई और उन्हें कुशल प्रशिक्षण के संचालन संबंधी प्रक्रिया और परिवहन विभाग के नियम व शर्तों का पालन नहीं करने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

इसके अलावा परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यात्रीयान वाहनों में स्पीड गवर्नर नहीं लगाए जाने आदि के कारण 39,500 रूपए समन शुल्क तथा 14,900 रूपए समझौता शुल्क की राशि की वसूली भी की गई है।

परिवहन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, मुंगेली, सरगुजा तथा कोरबा जिले से ड्राइविंग स्कूल निलंबित किए गए हैं। परिवहन विभाग द्वारा यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और प्रशिक्षण के कुशल संचालन संबंधी प्रक्रिया का पालन नहीं करने वाले ड्राइविंग स्कूलों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में परिवहन विभाग द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि वे अपने क्षेत्र अंतर्गत ऐसे किसी भी ड्राइविंग स्कूल अथवा सेंटर के बारे में परिवहन मुख्यालय तथा संबंधित क्षेत्रीय परिवहन अथवा जिला परिवहन कार्यालय को सूचित कर सकते हैं। परिवहन विभाग द्वारा उक्त अभियान के तहत गत 20 जुलाई से 4 अगस्त तक विभिन्न जिलों के 6 ड्राइविंग स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें रायपुर जिले के अंतर्गत 20 जुलाई को नेशनल ड्राइविंग स्कूल रायपुर को स्पष्टीकरण जारी किया गया। नेशनल ड्राइविंग स्कूल रायपुर द्वारा निर्धारित पता से अन्यंत्र पते पर स्कूल का संचालन किया जा रहा था। इसी तरह रायपुर जिले अंतर्गत ही इंडियन मोटर ड्राइविंग स्कूल रायपुर को अवैध ढंग से संचालन के कारण 4 अगस्त को स्पष्टीकरण जारी किया गया। इसके अलावा परिवहन विभाग द्वारा तेज सिंह मोटर ड्राइविंग स्कूल बिलासपुर, नया सबेरा ड्राइविंग स्कूल राजनांदगांव, डी.के.एफ. मोटर ड्राइविंग स्कूल अंबिकापुर तथा बाबा मोटर्स कोरबा ड्राइविंग स्कूलों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया गया है।

**चौपाल** — कांग्रेस ने नुक्कड़ों-बाजारों में लगाई महंगाई चौपाल

# केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदेश भर में प्रदर्शन, दिल्ली जाने की भी तैयारी

रायपुर। महंगाई के विरोध में आंदोलित कांग्रेस ने नुक्कड़ों-बाजारों और मोहल्लों में चौपाल लगाकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने आम लोगों से महंगाई के प्रभाव पर चर्चा की।




ऐसे प्रदर्शन प्रदेश भर में हुए। रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में विधायक विकास उपाध्याय ने प्रदर्शन की अगुवाई की। इधर कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में दिल्ली रैली में जाने की तैयारियों पर चर्चा हुई।

रायपुर के शहीद भगत सिंह ब्लॉक, नेताजी कन्हैयालाल बाजारी ब्लॉक, सरदार वल्लभ भाई पटेल ब्लॉक मे रायपुर पश्चिम विधानसभा के विधायक विकास उपाध्याय ने महंगाई चौपाल लगाई। इसमें स्थानीय कारोबारी और रहवासी भी शामिल हुए। वहां आए व्यापारी वर्ग के लोगो ने कहा कि 60 सालो मे यह पहली बार है जब दाल, चावल, आटा, अनाज, दही और लस्सी समेत अन्य सामान जो पहले कर मुक्त होते थे उन पर टैक्स लगाया गया है। सभी व्यापारियो ने कहा, वे लोग केंद्र सरकार के इस फैसले के पक्ष में नहीं है। इसे वापस लेने की मांग करते हैं। यह आम जनता और कारोबारियों के हित में नहीं है। विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, आजादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि दूध 71%, नमक 41%, आटा 81%, सरसो 122%, दाले 60-65% और सब्जियों की कीमतें 35% तक बढ़ी हैं। दूध, दही, चीनी, नमक, और यहां तक कि अनाज पर भी टैक्स लगा दिया गया है।

# अब शिक्षा के साथ कौशल विकास पर भी होगा जोर

मनुष्य का जीवन गुणों और प्रतिभाओं का भंडार है और यदि किसी भी मनुष्य के आधारभूत गुणों या ईश्वर प्रदत्त प्रतिभाओं का पूर्ण सदुपयोग उसके जीवन में नहीं किया जाता तो उसके वो गुण और प्रतिभाएं व्यर्थ ही हो जाती हैं। हम अपने बाल्यकाल से एक ऐसी शिक्षा पद्धति की छत्र-छाया में पले-बढ़े जिसमें सब विद्यार्थी एक-दूसरे की देखादेखी कोर्स का चयन करते थे, न उनकी प्रतिभाओं का आकलन शिक्षक करते थे, न ही अभिभावकों की ही दूरदृष्टि इस ओर जाती थी, या तो इंजीनियरिंग या मेडिकल या चार्टर्ड अकाउंटेंट या साधारण ग्रेजुएट होकर नौकरी ढूंढ़ने की प्रथा थी।

कुछ लोग सेना में या प्रतियोगिता वाली परीक्षाएं देकर सरकारी नौकरियों में चले जाते थे। न तो मार्गदर्शन किया जाता था कि कैसे अपने गुण या प्रतिभाओं का आकलन करके सही दिशा की ओर जीवन को ले जाना चाहिए, न ही विद्यार्थियों के पास इतना समय था कि वो इस ओर अपनी बुद्धि का प्रयोग कर सकें। वस्तुत: सारा शिक्षण का ढांचा ही कुछ इस प्रकार था कि अधिकांशत: युवा वर्ग दिशाहारा था। शिक्षा प्रणाली कुछ ऐसी थी जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अवरोध उत्पन्न करती थी- मूल चिंतन और विचारधारा के विकास में अवरोध, काल्पनिक और नए वैचारिक और मानसिक शक्ति के विकास में अवरोध, मनुष्य की मूलभूत प्रतिभाओं के विकासीकरण में अवरोध।

देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए और सजग, विचारशील और नवीनतम आयामों को ग्रहण करने वाले एक सशक्त युवा वर्ग के निर्माण के लिए बहुत आवश्यक था कि विषयों की जानकारी के साथ-साथ बच्चे समस्या समाधान, तार्किक और रचनात्मक रूप से सोचना सीखें, नया सोचें, अपने विचारों को विस्तृत करें। शिक्षण प्रक्रिया शिक्षार्थी केंद्रित, जिज्ञासा, खोज, संवाद के आधार पर लचीली हो, समग्र हो।

नई शिक्षा नीति का लक्ष्य है- शिक्षार्थी का संपूर्ण विकास जिसे साक्षरता,संख्याज्ञान, तार्किकता, समस्या समाधान, नैतिक, सामाजिक, भावनात्मक मूल्यों के विकास के द्वारा सम्भव किया जा सके। ज्ञान, प्रज्ञा, सत्य की खोज भारत के प्राचीनतम शिक्षा पद्धतियों के आधार हैं जिनकी लौ के प्रकाश में नई शिक्षा पद्धति का ढांचा बहुत संयम और धैर्य से बिल्कुल वैसे ही गढ़ा जा रहा है जैसे कि एक मूर्तिकार अपनी छेनी



नई शिक्षा नीति का लक्ष्य है, शिक्षार्थी का संपूर्ण विकास जिसे साक्षरता, संख्याज्ञान, तार्किकता, समस्या समाधान, नैतिक, सामाजिक, भावनात्मक मूल्यों के विकास के द्वारा सम्भव किया जा सके।

की हल्की-हल्की चोट पहुँचा कर एक सुंदर मूर्ति का निर्माण करता है।

भारत को सतत ऊंचाईयों की ओर बढ़ने की दृष्टि से अति आवश्यक है कि भारत का युवा देश की विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और तकनीकी आवश्यकताओं, देश की कला, भाषा और ज्ञान परंपराओं के बारे में ठोस ज्ञान प्राप्त करे। आजीविका और वैश्विक पारिस्थितिकी में तीव्र गति से आ रहे परिवर्तनों के कारण ये आवश्यक है कि देश का युवा इतना सक्षम हो कि विश्व पटल पर उसके आत्मविश्वास के सधे पांव कभी लड़खड़ाएं नहीं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुख्यत: 4 भाग हैं और इसके कार्यान्वयन की पूर्णता का लक्ष्य वर्ष 2030 है ताकि वर्ष 2015 में अपनाए गए सतत विकास एजेंडा के अनुसार विश्व में वर्ष 2030 तक सभी के लिए सार्वभौमिक, गुणवत्तायुक्त सतत शिक्षा और जीवन पर्यंत शिक्षा के अवसरों को बढ़ावा दिए जाने का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

## स्कूली शिक्षा में बदलाव

स्कूल शिक्षा में मुख्य परिवर्तन ये किया जा रहा है जिसमें वर्तमान की 10+2 वाली स्कूल व्यवस्था (जो कि 6 वर्ष की आयु से आरंभ होती थी) को 3 वर्ष से 18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिये नए शैक्षणिक और पाठ्यक्रम के आधार पर 5+3+3+4 की एक नई व्यवस्था का पुनर्गठन किया जाएगा। 3 से 5 वर्ष तक फाउंडेशनल, अगले 3 वर्ष प्रीपरेटरी, अगले 3 वर्ष मिडिल और अंतिम चार वर्ष सेकंडरी ढांचे को दिए जाएंगे।

3 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देख-भाल और शिक्षा (ई.सी.सी.ई- अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन) की एक मजबूत बुनियाद को इस नई शिक्षा नीति में शामिल किया जा रहा है, जिससे कि सही दिशा में सीखने की सही नींव डाली जा सके। द डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर फॉर नॉलेज शेयरिंग (दीक्षा) पर बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान पर उच्चतर गुणवत्ता वाले संसाधनों का एक राष्ट्रीय भंडार उपलब्ध कराया जाएगा। स्थानीय पुस्तकालयों में सभी भारतीय और स्थानीय भाषाओं की पुस्तकें पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई जाएंगी जिससे बाल्यकाल से ही पाठ्यक्रम की पुस्तकों के अतिरिक्त भी अच्छा साहित्य पढ़ने की आदत का विकास हो सके।

निवेदिता चक्रवर्ती

## संपादकीय

### सवाल ताकत और रणनीति का

आखिरकार चीन का सर्वे जहाज श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर पहुंच गया। स्पष्टत: भारत के पास इस बात की रणनीति होनी चाहिए थी कि श्रीलंका ने उसका आना नहीं रोका, तो भारत अगला कदम क्या उठाएगा। मीडिया में ऐसी रिपोर्टों की भरमार रही कि भारत सरकार ने श्रीलंका से चीन के कथित तौर पर जासूसी में सक्षम जहाज को कोलंबो के पास हंबनटोटा बंदरगाह पर ना आने देने को कहा है। भारत ने इस जहाज के वहां आने को अपनी सुरक्षा के लिए खतरा बताया। भारत की बात का असर भी हुआ।

श्रीलंका ने पहले इजाजत देने के बाद भी चीन से कहा कि वह जहाज का हंबनटोटा पहुंचा टाल दे। लेकिन चीन ने इस स्वीकार नहीं किया। समझा जाता है कि इसके बाद चीन ने श्रीलंका को धमकी। दिवालिया हो चुका श्रीलंका चीन की धमकियों में आ गया। आखिरकार चीन का सर्वे जहाज युवान वांग-5 मंगलवार को श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर पहुंच गया। जाहिर है, इससे भारत के लिए असहज स्थिति बनी है। कूटनीतिक विशेषज्ञों ने कहा है कि भारत के पास इस बात की रणनीति होनी चाहिए थी कि अगर श्रीलंका ने उसकी बात नहीं मानी, तो वह अगला कदम क्या उठाएगा। एक राय यह भी जताई गई है कि भारत की वर्तमान सरकार देश की वास्तविक शक्ति के आकलन के आधार पर नहीं, बल्कि उस शक्ति के आधार पर कदम उठाती है, जिसे उसने अपनी कल्पनाओं में जगह दे रखी है। इसका परिणाम अब सामने आया है। श्रीलंका पर चीन का काफी प्रभाव है, ये बात जग-जाहिर है। ये प्रभाव एक दिन में नहीं बना है।

# चीन की चाल- कश्मीर में दखल ठीक, ताइवान में खराब

जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाना उचित था या नहीं, लोकतांत्रिक देश होने के नाते भारत में इस पर आगे भी बहस होती रहेगी। लेकिन किसी देश को इस मामले में जाब्ते से बोलने का अधिकार नहीं है।

अनुच्छेद 370 की समाप्ति की तीसरी वर्षगांठ पर चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने तीन साल पहले की टिप्पणी दोहराई कि यथास्थिति में एकतरफा परिवर्तन को स्वीकार नहीं किया जा सकता। प्रवक्ता ने सलाह दी कि भारत और पाकिस्तान को शांतिपूर्ण ढंग से कश्मीर मसले का हल निकालना चाहिए। चीन ने पाकिस्तान की इस आपत्ति का भी दृढ़ता से समर्थन किया कि अगले साल जम्मू-कश्मीर में जी-20 की बैठक के प्रस्ताव को मंजूर नहीं किया जा सकता। उग्र राष्ट्रवादी विचार वाले अंग्रेजी दैनिक ग्लोबल टाइम्स ने लिखा कि भारत जम्मू-कश्मीर पर अपने नियंत्रण को ही नहीं, प्रभुसत्ता को स्वीकार करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर दबाव डाल रहा है।



गौरतलब है कि यह उस चीन का व्यवहार है, जिसने वर्ष 1963 में पाक अधिकृत कश्मीर ( पीओके ) के सामरिक महत्व के पांच हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक भूभाग को पाकिस्तान की फौजी सरकार से हथिया लिया था। चीन पीओके में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए कई सड़कें बनाने के साथ ही झेलम पर जल विद्युत परियोजना का निर्माण भी कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय विस्तार से प्रेरित चीन की बेल्ट ऐंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई ) को भारत ने इसीलिए ठुकरा दिया है कि वह वाया पीओके निकाली जा रही है। ताइवान संकट बढ़ने पर हू-ब-हू चीन की शब्दावली में भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने पलट जवाब दिया, %अन्य देशों की तरह भारत भी हाल के घटनाक्रम से चिंतित है। हमारा अनुरोध है कि संयम बरतते हुए, यथास्थिति को बदलने के लिए एकतरफा कार्रवाई न की जाए, क्षेत्र में तनाव कम करते हुए शांति और स्थिरता के लिए प्रयास किए जाएं।% यह वक्तव्य कौशलपूर्ण राजनय का परिचायक था। भारत ने एक चीन% नीति में बदलाव न करते हुए भी एक परिवर्तनपूर्ण निरंतरता को नए संदर्भ में रेखांकित कर दिया। अरुणाचल प्रदेश पर दावा करने, जम्मू-कश्मीर के निवासियों को अलग से वीजा नत्थी करने और सिक्किम पर नीति बदलने के बाद वर्ष 2008 में मनमोहन सिंह की पिछली सरकार ने एक चीन नीति पर खामोश रहने का फैसला कर लिया था। चीन को मिर्ची लगनी स्वाभाविक थी।

ध्यान दें, जो बात बीजिंग में सरकारी प्रवक्ता कह सकते थे, उसे नई दिल्ली में राजदूत सुन वीदांग से कहलवाया गया। सुन ने कहा, हम आशा करते हैं कि भारत एक चीन नीति (अर्थात ताइवान चीन का अटूट हिस्सा है) को सार्वजनिक रूप से दोहराएगा। भारत-चीन संबंधों का राजनीतिक आधार एक चीन नीति है। इसका भाष्य यह हुआ = जम्मू-कश्मीर, सिक्किम और अरुणाचल पर चीन की नीति जो भी हो, एक चीन नीति से हटने की भारत को इजाजत नहीं दी जा सकती। भारत ने पुरानी नीति की पुनर्पुष्टि न की, तो संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और एलएसी (वास्तविक नियंत्रण रेखा) पर तनाव बढ़ने के लिए भी वही जिम्मेदार होगा। इस चेतावनी में चीन का वर्चस्ववाद स्पष्ट देखा जा सकता है। पूर्व विदेश सचिव विजय गोखले ने कुछ समय पहले प्रकाशित अपनी पुस्तक द लांग गेम में चीन के इस रवैये पर तेज रोशनी डाली है। नई दिल्ली में बयान क्यों दिलवाया गया, इसकी बारीकी को समझने के लिए गोखले की इस टिप्पणी पर गौर करें, चीन के राजनयिक हमारी तरह नहीं होते। ऊंचे स्तर के सभी राजनयिक कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य होते हैं और उनकी निष्ठा राज्य के बजाय पार्टी के प्रति होती है। लोकतांत्रिक देशों में राजनयिक सरकार के एजेंट होते हैं, चीन में पार्टी के। एक महत्वपूर्ण अंतर और भी है। चीन के राजनयिकों में वैचारिकता होती है।

संदीप नाईक

## मिला जुला

### हाथ में तिरंगे के बावजूद लाठी बरसाते रहे एडीएम

# पटना में शिक्षक कैंडिडेट्स पर पुलिस लाठीचार्ज

**पटना।** पटना में सोमवार को पुलिस ने बेरोजगार शिक्षक कैंडिडेट्स के प्रदर्शन के दौरान लाठीचार्ज कर दिया। पटना के ADM केके सिंह ने तिरंगा लिए एक प्रदर्शनकारी पर जमकर लाठी बरसाई। इतनी लाठियां मारीं कि उसका खून बहने लगा। बाद में एक पुलिसकर्मी ने प्रदर्शनकारी से तिरंगा छीन लिया।



#### नियुक्ति को लेकर किया जा रहा था प्रोटेस्ट

करीब 5 हजार CTET और BTET पास कैंडिडेट डाक बंगला चौराहे पर प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज कर दिया। पटना DM ने इस मामले में जांच का आदेश दिया है और 2 दिन में रिपोर्ट मांगी है। ये कैंडिडेट्स सातवें चरण की नियुक्ति की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। भारी संख्या में पुलिस फोर्स और वाटर कैनन वहां तैनात थी। कैंडिडेट्स बिहार के नए शिक्षा मंत्री के खिलाफ नारेबाजी भी कर रहे थे। वे सरकार से प्राथमिक विज्ञप्ति जारी करने की मांग कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मामले पर पटना जिलाधिकारी से फोन पर बात की। तेजस्वी के ऑफिस ने ट्वीट करते हुए बताया कि छ्रुने पटना सेंट्रल स्कऔर छ्छ्ट के नेतृत्व में एक जांच कमेटी का गठन किया है कि छ्रुने अभ्यर्थियों पर स्वयं लाठीचार्ज क्यों किया, ऐसी क्या नौबत थी? दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई होगी।

#### प्रदर्शनकारी बोले- नए शिक्षा मंत्री से उम्मीद जगी थी

7वें चरण के नियोजन के लिए विज्ञप्ति जारी करने की मांग को लेकर 5 हजार कैंडिडेट्स ने डाक बंगला चौराहे को चार घंटे तक जाम रखा। अभ्यर्थी विकास ने कहा कि सरकार जल्द से जल्द 7वें चरण की प्राथमिक विज्ञप्ति जारी करे। नए शिक्षा मंत्री के आने से उम्मीद जगी थी, लेकिन ये भी हमें घुमाने लगे। लाठीचार्ज में 28 लोग घायल हुए है। 5 से 6 अभ्यर्थी पीएमसीएच में भर्ती हैं। बिहार में शिक्षक भर्ती परीक्षा 8 साल बाद हुई थी। नोटिफिकेशन 2019 में जारी किया गया था। जनवरी 2020 में ऑफलाइन मोड में परीक्षा हुई, लेकिन 2-3 सेंटरों पर फर्जीवाड़े की बात सामने आने पर उसे रद्द कर दिया गया।

### संसद व राष्ट्रपति भवन की तर्ज पर होगी मंदिर की प्रकाश व्यवस्था



**अयोध्या।** राममंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक रविवार को संपन्न हुई। बैठक में राममंदिर निर्माण कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ मंदिर की भव्यता व भक्तों के लिए सुविधाएं विकसित करने की योजनाओं पर मंथन हुआ। राममंदिर की प्रकाश व्यवस्था संसद भवन व राष्ट्रपति भवन की तर्ज पर करने की चर्चा हुई। मंदिर का फसाड (अग्रभाग) कैसा हो इसको लेकर कार्यदायी संस्था के इंजीनियरों की टीम राष्ट्रपति भवन, संसद भवन सहित देश के अन्य बड़े मंदिरों की व्यवस्था का अध्ययन करने में जुटी हुई है। राममंदिर निर्माण समिति के दूसरे दिन की बैठक में रविवार को समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र के समक्ष मंदिर को भव्यता देने का ले-आउट प्रस्तुत किया गया।

### ट्रेन से सफर करने वाली यात्री ध्यान दें!

# 109 ट्रेनें आज कैंसिल

**भारतीय** रेलवे से सफर करने वालों के लिए बड़ी खबर है. अगर आप भी आज ट्रेन से सफर करने वाले थे, यहां चेक कर लें अपनी ट्रेन का स्टेटस. क्योंकि रेलवे ने देशभर में आज 22 अगस्त, 2022 को डिपार्चर होने वाली 109 ट्रेनों को कैंसिल कर दिया है. रद्द हुई इन ट्रेनों में बड़ी संख्या में पैसेंजर, मेल, और एक्सप्रेस ट्रेनें शामिल हैं. अगर आपने आईआरसीटीसी की साइट या रेलवे काउंटर से टिकट खरीदा था तो रेलवे आपको किराये वापस कर देगी.

भारतीय रेल ने नेशनल ट्रेन एन्क्वायरी सिस्टम की वेबसाइट पर कैंसिल की गई ट्रेनों की लिस्ट जारी की है. खबर के मुताबिक, इंडियन रेलवे ने देशभर में रेलवे के अलग-अलग जोनों में चल रहे मरम्मत और दूसरी वजहों से इतनी ट्रेनों को नहीं चलाने का फैसला लिया है. इतनी ट्रेनों को कैंसिल कर देने से देशभर में बड़ी संख्या में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।



#### क्यों कैंसिल होती हैं ट्रेनें

बता दें कि देशभर में अलग-अलग जोन में चल रहे ट्रैक की मरम्मत और निर्माण कार्य को देखते हुए कई ट्रेनों को रद्द कर दिया जाता है. इसके साथ खराब मौसम, आंधी, पानी, बरसात और बाढ़ भी कई ट्रेनों के कैंसिल होने की वजह बनते हैं.

#### ऐसे चेक करें कैंसिल ट्रेन की लिस्ट

सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट enquiry.indianrail.gov.in/mntes/ पर जाएं. यहां आपको राईट साइड में एक्सेप्शनल ट्रेन्स का ऑप्शन दिखेगा इस पर क्लिक कर दें. यहां आप cancel train, reschedule और divert ट्रेनों की लिस्ट चेक कर पाएंगे.

# महापंचायत में आज दिल्ली में किसानों का जुटान, पुलिस की अनुमति नहीं, बंद रहेंगे ये रास्ते

**संयुक्त** किसान मोर्चा ने अपनी मांगो को लेकर सोमवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर महापंचायत करने का एलान किया है. हालांकि दिल्ली पुलिस ने किसानों को जंतर-मंतर पर महापंचायत करने की अनुमति नहीं दी है. दिल्ली पुलिस का साफ तौर पर कहना है कि किसानों को महापंचायत करने की अनुमति नहीं दी गई है. ऐसे में किसानों को दिल्ली में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा. वहीं महापंचायत में शामिल होने के लिए पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार सहित दूसरे राज्यों के किसान दिल्ली पहुंचने लगे हैं.

पुलिस ने किसानों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोकने के लिए राजधानी के सभी बॉर्डरों पर बेरीकेड़ लगा दिए हैं. पुलिस सुबह से ही सभी बॉर्डरों पर मुस्तैद दिखाई दे रही है. दिल्ली के अलावा नई दिल्ली के बॉर्डर को रविवार रात से ही सील कर दिया गया था. किसानों को और उनके ट्रैक्टर-ट्रॉली और ट्रकों को नई दिल्ली में एंट्री नहीं करने दिया जाएगा. नई दिल्ली के सभी बॉर्डरों पर बेरीकेड्स लगा दिए गए हैं. पूरी दिल्ली पुलिस को अलर्ट पर रहने के लिए कहा गया है.

#### ट्रैफिक पर पड़ेगा असर

दिल्ली में बड़ी संख्या में किसानों के इकट्ठा होने का अंदेशा है. ऐसे में आज ट्रैफिक को लेकर आम जनता को बड़ी समस्या होने वाली है. जिसको देखते हुए दिल्ली पुलिस ने पहले एडवाइजरी जारी कर दी है. ट्रैफिक पुलिस के नोटिफिकेशन के मुताबिक दिल्ली में लगभग चार से पांच हजार किसानों के जुटने की आशंका है. जिसका सीधा असर शहर के ट्रैफिक पर पड़ेगा. इसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है साथ ही डायवर्जन का प्लान भी तैयार किया है.



#### आज इन रास्तों पर जाने से बचें

ट्रैफिक पुलिस की जानकारी के मुताबिक टॉलस्टॉय मार्ग, संसद मार्ग, जनपथ, विंडसर प्लेस, कनॉट प्लेस, अशोक रोड, बाबा खड़क सिंह मार्ग, पंडित पंत मार्ग समेत आस-पास के कई रास्तों पर दिनभर जाम रहने की संभावना है. एहतियात बरतते हुए लोकल पुलिस भी कई जगह बैरिकेडिंग कर सकती है, जिसका ट्रैफिक पर असर पड़ सकता है. इसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से सुबह ज्यादा समय लेकर घर से निकलने और जाम से बचने के लिए मेट्रो का इस्तेमाल करने की सलाह दी है.

बता दें कि किसान नेता राकेश टिकैत को रविवार को दिल्ली पुलिस ने गाजियाबाद बॉर्डर से हिरासत में ले लिया था. इसके बाद टिकैत को मधु विहार थाने ले जाया गया. जिसके बाद जब थाने के बाहर टिकैत समर्थकों की भीड़ बढ़ने लगी तो पुलिस ने उनको वापस दिल्ली-गाजीपुर बॉर्डर पर छोड़ दिया.

# जिला चिकित्सालय में कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन पर आयोजित हुयी कार्यशाला

## तनाव कम करने के लिए अपने सहयोगियों के साथ करें चर्चा-डॉ. कौशिक

जोहार छत्तीसगढ़-धमतरी।



मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए जिला चिकित्सालय में कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के माध्यम से कार्यस्थल पर तनाव को कम करना और तनाव को खत्म करने के प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. यू एल कौशिक ने कहा समस्या आती है तो अपना निराकरण भी लाती है। इसी प्रकार तनाव कम करने के लिए हमें उस तनाव को समझना होगा, अगर हम तनाव को आपसी चर्चा करके समझते हैं तो हम को उसके हल करने के कई तरीके मिल जाते हैं। जो तरीका बेहतर होता है, हम उस तरीके से अपने तनाव या समस्या को समाप्त कर सकते हैं, और एक बेहतर जीवन भी जी सकते हैं। तनाव कम करने के लिए अपने सहयोगियों के साथ चर्चा करनी चाहिए। जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. जेएस खालसा ने बताया कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं है जिसके जीवन में कोई तनाव ना हो तनाव जीवन का दूसरा नाम है। इसका प्रबंधन हमें स्वयं करना होता है। अगर हमको लगता है कि हम इस समस्या को हल नहीं कर सकते हैं, तो जिला चिकित्सालय में आकर स्पर्श क्लिनिक में मनोचिकित्सक से भी परामर्श लिया जा सकता है। इस मौके पर कम्युनिटी मेंटल हेल्थ ऑफिसर डॉ. रचना पद्मावर ने कहा किसी भी मानसिक विकारों के उत्पत्ति तनाव से ही होता है तनाव को हम पूरी तरह से खत्म तो नहीं कर सकते पर कुछ उपायों को अपनाकर इसे कम जरूर किया जा सकता है। क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट प्रीति चांडक ने बताया कार्यस्थल पर लंबे समय तक कार्य करने से तनाव बढ़ने की समस्या बढ़ जाती है। चिंतित रहने और दबाव में तनाव का स्तर एक सीमा से ज्यादा बढ़ जाने पर यह दिमाग और शरीर को नुकसान पहुंचाना शुरू करता है। ऐसे में कार्यस्थलों पर अधिकारियों और कर्मचारियों में तनाव एक बहुत ही आम समस्या हो चुकी है।

आगे उन्होंने कहा कार्यों का दबाव या तनाव का प्रबंधन करने के लिए आवश्यक है, अपने गृह कार्यों, पारिवारिक कार्यों और प्रशासनिक कार्यों में सामंजस्य बनाने में कुशल होना चाहिए। मन को शांत कर दबाव को समझना चाहिए। इसके साथ ही संगीत सुनें, पूरी नींद लें, व्यायाम करें, लोगों से मिलें-जुलें, परिजनों के साथ कम से कम एक माह में घूमने जाए, इससे चिंताएं और परेशानियां दूर होगी।

### तनाव की नाव में ना चढ़े

***तनाव मानसिक समस्या का एक शुरुआती अंग है तनाव से ही कई समस्याएं उत्पन्न होती हैं। तनाव को खत्म करने के लिए कार्यस्थल परए जहां भी हम रहते हैं, वहां खुशनुमा माहौल बनाएं खुशनुमा माहौल बनाने के लिए हमें एक दूसरे के मन को समझना होगा। तनाव एक दूसरे का सहयोग करने से ही कम होगा।***

***कार्यशाला के सफल आयोजन में मीरा गौतम योगा ट्रेनर एवं पूरी मेंटल हेल्थ टीम का विशेष योगदान रहा।***

# बंद रजगामार खदान का संचालन निजी कंपनी को

**कोरबा** । साउथ इस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड एसईसीएल की पिछले 10 वर्षों से बंद रजगामार की 6-7 नंबर भूमिगत कोयला खदान को पुन: प्रारंभ किए जाने की प्रक्रिया प्रबंधन ने शुरू कर दी है। इसके लिए डायरेक्टर जनरल माइंस आफ सेफ्टी डीजीएमएस ने भी अपनी सहमति जता दी है। केंद्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से इसके लिए स्वीकृति मांगी गई है। खदान के संचालन की जिम्मेदारी निजी कंपनी को सौंपी जाएगी।

कोल इंडिया ने वर्ष 2023-24 तक 10 हजार लाख टन कोयले के उत्पादन का लक्ष्य रखा है। 12 साल के अंदर देश भर की 293 भूमिगत अलग-अलग कारणों से बंद की गई है। इनमें एसईसीएल के 57 खदान शामिल हैं। बंद किए गए खदानों में 20 खदान पुन: करने चिंहित किया गया है। एसईसीएल की रजगामार स्थित 6.7 नंबर भूमिगत खदान को वर्ष 2014 में केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से अनुमति नहीं मिलने की वजह बंद करना पड़ा। इसे एक बार फिर शुरू करने की कवायद की जा रही। एसईसीएल प्रबंधन की जगह इस खदान को आउटसोर्सिंग में दिया जाएगा।

# 'बस चालकों से लगातार बढ़ रहे घटना के बाद भी नहीं जागा परिवहन विभाग- हडमा मरकाम'

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



सुकमा के साथ छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में बस चालकों के लापरवाही के कारण दुर्घटनाएं लगातार बढ़ रही है, कुछ दिन पहले मेटावाडा के पास दिल दहलाने वाली घटना के कारण पांच लोगों की मृत्यु हो गई। बहुत ही दुखद घटना है। बस चालकों के द्वारा लंबी दूरी तय कर गाड़ी चलाना बहुत ही गंभीर समस्या और यात्रियों के जान जोखिम में डालकर चलाना चिंता का विषय है साथ ही समय सीमा पर पहुंचाने के चलते स्पीड चलाते हैं। लगातार बढते घटनाओं को देखते हुए लंबे सफर वाले बसों पर दो चालकों का होना अति आवश्यक है और साथ साथ आरटीओ की इस लचर व्यवस्था के कारण बस चालक ओवर स्पीड पर चलाते हैं बस एजेंटों के द्वारा दरो से ज्यादा किराया देना और क्षमता से ज्यादा सवारी बैठाया जाता है लेकिन आज तक किसी भी प्रकार का कारवाई नहीं किया गया। जिससे कारण बस चालक मनमानी पर उतर आए हैं। परिवहन विभाग और पुलिस विभाग के द्वारा समय समय पर बस चालकों पर अंकुश लगाते तो घटनाएं कम होती। यात्रियों को जान जोखिम में डालकर सफर तय करने को मजबूर हैं। मरकाम ने कहा कि आरटीओ को तत्काल उचित कारवाई करनी चाहिए, गाड़ियों का फिटनेस चेकअप भी बहुत जरूरी है सीट से ज्यादा सवारी न बिठाया जाएं और दरों का लीस्ट सभी बसों पर और सुकमा के बस स्टैंड पर लगाना चाहिए। जिससे आम जनता को इसकी जानकारी मिल सके।

# पुलिस बनकर ट्रक ड्राइवरों को लूटने वाली छालीवुड महिला कलाकार, पुलिस गिरफ्त में

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।



पुलिस बनकर ट्रक ड्राइवरों को लूटने वाली छालीवुड महिला कलाकार गायत्री पाटले असली पुलिस के गिरफ्त में, दरअसल कोनी पुलिस ने ट्रक ड्राइवरों से लूट के मामले में छत्तीसगढ़ी एल्बम की सहायक कलाकार को गिरफ्तार किया है, वारदात को अंजाम देने वाले उसके कार ड्राइवर को भी पकड़ा लिया गया है, पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया है वहीं, लूट में शामिल दो अन्य की तलाश चल रही है, पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता झारखंड के खैरादौहर नौरोडाबाजार जिला पलामू निवासी उमेश राम ने बताया कि तुर्काडीह पुल के पास कुछ लोगों ने उनके ट्रक को कार अड़ाकर रोक लिया, इसके बाद उन्होंने खुद को खनिज अधिकारी बताते हुए बिल्टी और पांच हजार रूपये की मांग की मना करने पर उन्होंने मारपीट कर 21 हजार रूपये लूट लिए, इसके बाद दो और ट्रक ड्राइवरों से लूट की इस दौरान उन्होंने मारपीट कर कोयले में मिलावट का आरोप लगाकर सेटिंग करने की बात कही, इस बारे में ट्रक मालिक से बात कराने के लिए अपना मोबाइल नंबर भी दिया, घटना की जानकारी होने पर ट्रक के मालिक ने लुटेरों से मोबाइल पर बात की और तुर्काडीह पुल के पास बुलाया, शुक्रवार की सुबह कार सवार कुछ लोग वहां पहुंचे, मौके पर ट्रक मालिक और उनके साथियों की भीड़ देखकर कार सवार भागने लगे ट्रक मालिक के साथियों ने उनका पीछा किया इस पर युवक कार को कोनी थाना परिसर में छोड़कर भाग निकले, मामले की शिकायत पर पुलिस ने कार मालिक गायत्री पाटले से पूछताछ की उसने बताया कि कार उनका ड्राइवर सिंगरौली निवासी शिवशंकर जायसवाल चलाता है वह खुद छत्तीसगढ़ी एल्बम में काम करती है आरोपित ड्राइवर रिवर व्यू कालोनी में छिपा था जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, पूछताछ में ड्राइवर ने बताया कि गायत्री खुद को पुलिसकर्मी बताती है उसने अपनी कार में पुलिस का मोनो लगाया था वह लूट की घटना में सहयोग कर रही थी इस पर पुलिस ने कार मालिक गायत्री पाटले को भी गिरफ्तार कर लिया और अब आगे की कार्यवाई जारी है।

# अवैध कबाड पर महासमुंद पुलिस की बड़ी कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुन्द।



पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल द्वारा जिलें के समस्त थाना-चौकी प्रभारियों एवं सायबर सेल की टीम को अवैध शराब, जुआ,सट्टा, अवैध कबाड, अवैध पदार्थ व अन्य आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने व कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य् में 21 अगस्त 2022 को मुखबिर से सूचना मिली की सरायपाली से रायपुर की ओर एक कबाड़ी गाडी जा रही है। उक्त सूचना को गम्भीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध कबाड के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु थाना पटेवा एवं साइबर सेल महासमुन्द की टीम को निर्देशित किया गया था। जिस पर थाना पटेवा की टीम एवं साइबर सेल की टीम द्वारा उक्त कबाड वाहनों पर निगाह रखी जा रही थी। एनएच 53 रोड थाना पटेवा के सामने से एक ट्रक वाहन क्रमांक ओआर 01 एम 5079 आई जिसे रोककर पूछताछ करने पर चालक अपना नाम कमलेश बीन्द पिता बामदेव बीन्द उम्र 50 साल निवासी ग्राम जगदीशपुर लीलास थाना परसबेघा जिला जहानाबाद बिहार का निवासी होना बताया वाहन में लोड समानों के बारे में पूछताछ करने पर संतोषप्रद जवाब नहीं दिया वाहन को चेक करने पर वाहन में लोहे का कबाड समान पूरा भरा हुआ मिला मौके पर उक्त सामानों के परिवहन एवं वाहन के संबध मे कोई खरीदी बिक्री का दो अलग-अलग ई वे बील एक ही नंबर का होने से संदेहास्प्रद है उपरोक्त लोहे का कबाड़ समान चोरी होने के माकुल संदेह होने पर आरोपी कमलेश बीन्द पिता बामदेव बीन्द उम्र 50 साल निवासी ग्राम जगदीशपुर लीलास थाना परसबेघा जिला जहानाबाद बिहार के कब्जे से एक ट्रक वाहन क्रमांक ओआर 01 एम 5079 कीमती करीब 5,50, 000 रूपये एवं वाहन में भरा लोहे का कबाड समान वजनी करीब 17870 रूपये करीब 7,59,117 रूपये कुल टोटल जुमला 13, 09,117 रूपये को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

## एक नजर

### जिले के 84 प्राथमिक एवं मीडिल स्कूल को डिस्मेंटल करने के निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने बेमेतरा जिले के अन्तर्गत 84 जर्जर शाला भवनों को विघटित डिस्मेंटल करने का आदेश जारी किए हैं। तद्संबंध में कार्यपालन अभियंता लोनिवि संभाग बेमेतरा के प्रतिवेदन अनुसार उक्त शाला भवन पूर्णत: अनुपयोगी हो चुकी है एवं मरम्मत योग्य नहीं है। जो अत्यंत जर्जर स्थिति में पाया गया। इनमें शा.स.प्रा.शा. धरमपुरा, घठोली, खैरी, झाल, बघुली, बोरतराए कामता, मोहतरा, मुरकुटा, सिवनी, तिलकापारा, हाथाडाडू, पेण्ड्री, जेवरा एन, नवलपुर, गनिया, गोढ़ीकला, गोपालभैना, लालपुर, धोबनीकला, रिसाअमली, गोढ़ीखुर्द, मुंगवाय, भदराली, कटई, बोरदेही, बदनारा, गनियारी, अमोरा, बिनैका, डंगनिया, बुचीपुर, दाढ़ी, मड़ई, उमरिया, सेमरिया, कांपा, कोदवा, सनकपाट, गिधवा, शामिल है।

### तंबाकू मुक्त ग्राम पंचायत के क्रियान्वयन का प्रयास हुआ तेज

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

तंबाकू मुक्त ग्राम पंचायत के लिए स्वास्थ्य विभाग के आग्रह परपंचायत संचालनालय द्वारा सभी कलेक्टर को 20 अगस्त से होने वाली प्रत्येक ग्रामसभा की बैठक के एजेंडे में तंबाकू मुक्ति पर चर्चा एवं सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम कोटपा अधिनियम 2003 के प्रभावी क्रियान्वयन को अनिवार्य किया गया है।

तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए भावी पीढी को तंबाकू के सेवन से दूर रखने के प्रयास में तंबाकू मुक्त ग्राम पंचायत बनाने के लिए अब आयोजित होने वाली सभी ग्राम सभाओं के एजेंडे में तंबाकू उपयोग निषेध एवं तंबाकू उत्पाद अधिनियम पर चर्चा को अनिवार्य किया गया है। ग्राम सभाओं के आयोजन के संबंध में समस्त कलेक्टर को पंचायत संचालनालय द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गए हैं जिसमें तंबाकू मुक्त ग्राम पंचायत के क्रियान्वयन पर चर्चा को भी शामिल किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीते दिनों पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को इस संबंध में पत्र जारी कर तंबाकू मुक्त ग्राम पंचायत के क्रियान्वयन का आग्रह किया गया था जिसमें वैश्विक युवा तंबाकू सर्वेक्षण 2019 के अनुसार प्रदेश में 39.1 प्रतिशत तंबाकू उपयोगकर्ता होने तथा इनमें से 53.7 पुरूष एवं 24.6 प्रतिशत महिला तंबाकू उपयोगकर्ता का जिक्र किया गया है। 13 से 15 आयु वर्ग के युवाओं में इसकी व्यापकता 8 प्रतिशत होने के साथ ही तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता लाने तथा सिगरेट एवं तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के प्रावधानों का पालन करने एवं अंतरविभागीय समन्वय से तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम चलाए जाने की जानकारी भी साझा की गई है। जारी पत्र में तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों का व्यापक् प्रचार-प्रसार करते हुए तंबाकू का सेवन छोड़ने वालों को परामर्श ए काउंसिलिंग एवं दवाओं के जरिए मदद किए जाने से भी अवगत कराया गया। जिसके बाद पंचायत संचालनालय द्वारा छत्तीसगढ़ के समस्त कलेक्टरों को 20 अगस्त से आयोजित होने वाली ग्रामसभा में इसपर विशेष रूप से चर्चा करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में राज्य नोडल अधिकारी तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम, डॉ. कमलेश जैन ने बताया की 76.76 प्रतिशत आबादी गांव में बसती है और यहां ग्राम पंचायतों की अहम भूमिका रहती है। विकास के लिए लोगों की प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष भागीदारी जरूरी है, जो ग्राम पंचायतों की सहभागिता से संभव है। इसलिए पंचायतों के द्वारा तंबाकू नियंत्रण लागू करवाने को प्राथमिकता दी जा रही है क्योंकि सामुदायिक भागीदारी से ही तंबाकू मुक्त पंचायत का सपना साकार हो सकेगा। इसी कड़ी में तंबाकू मुक्त ग्राम पंचायत के निर्माण के लिए पिछले दिनों स्वास्थ्य संचालक ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को पत्र लिखकर ग्राम सभा मेंए तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों तथा सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम के क्रियान्वयन को अपने एजेंडे में शामिल करने का आग्रह किया था। ताकि समस्त ग्राम पंचायत तंबाकू मुक्त हो सकें।

### आत्म समर्पित माओवादी की हत्या, माओवादियों के द्वारा किये जाने की आशंका

मृतक तीन माह पूर्व ही किया था समर्पण

**बीजापुर** । छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के बीजापुर जिले के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के पोन्दुम में आत्म समर्पित माओवादी की निर्ममता पूर्वक हत्या कर शव को फेंक दिया गया है । शव के पास मिले साक्ष्य से घटना को माओवादियों द्वारा अंजाम दिए जाने की आशंका व्यक्त किया जा रहा है । पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने बताया कि मृतक बामन पोयाम माओवादी संगठन में मिलिशिया सदस्य के रूप में कार्य करने के दौरान तीन माह पूर्व आत्म समर्पण कर मुख्यधारा से जुड़ चुका था । समर्पित माओवादी बामन पोयाम की आज भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के पोन्दुम में अज्ञात लोगों के द्वारा हत्या कर दी गई है । मृतक के हांथ पांव में रस्सी के निशान और शरीर में चाकू से हमला किये जाने के निशान पाए गए हैं, जिससे इस घटना को माओवादियों द्वारा अंजाम दिए जाने की आशंका है ।

# विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर वरिष्ठ नागरिकों का हुआ सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



विश्व स्तर पर 21 अगस्त को विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर एक विशेष समारोह शारदा विहारए दुर्गा पण्डाल, कोरबा में 21 अगस्त रविवार को आयोजित किया गया जिसमें कोरबा जिले के वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। जनपदीय वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ एवं वरिष्ठ नागरिक संगठन के संयुक्त तत्वावधान में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुरूषोत्तम सोनी, संयुक्त सचिव, छत्तीसगढ़ वरिष्ठ नागरिक कन्फेडरेशन तथा केपी सोनी, आजीवन सदस्य, छत्तीसगढ़ वरिष्ठ नागरिक कन्फेडरेशन, रायपुर थे। समारोह में सर्वप्रथम भारत माता की पूजा अर्चना की गई। मुख्य अतिथियों का स्वागत व सम्मान करने के उपरांत वरिष्ठ नागरिकों से सम्बंधित विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर नगर पालिक निगम के सभापति श्यामसुंदर सोनी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने वरिष्ठजनों को प्रणाम कर उन्हें शॉल व श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि यदि हम 24 घंटे में एक बार भी किसी बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेते हैं तो हमारा जीवन सफल हो जाता है। वरिष्ठ समाजसेवी लॉयन एमडी माखीजा ने भी इस समारोह में अपनी उपस्थिति दी एवं संघ को यथा संभव योगदान देने की प्रतिज्ञा की। बालको सेवानिवृत्त मैत्री संघ के अध्यक्ष केएल शर्मा व महासचिव मजूमदार ने भी उपस्थिति दर्ज कराई एवं मंचस्थ होकर समारोह को गरिमा प्रदान की। उपरोक्त कार्यक्रम के आयोजन एवं संचालन में युवा साथी सत्येन्द्र पूरी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नगर निगम के सभापति ने उन्हें शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। एसईसीएल से सेवानिवृत्त शिवजीत सिंह ने विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के इस आयोजन में सक्रिय योगदान दिया और अंत में आभार प्रदर्शन किया। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से धर्मेन्द्र सिंह यादव ने दी।



# हमारे अपने वरिष्ठ जन विरासत में सब कुछ छोड़ कर जाते हैं परंतु अनुभव अपने साथ ही ले आते हैइु- अंबिका सिंहदेव

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।




हमारे अपने वरिष्ठ जन विरासत में सब कुछ छोड़ कर जाते हैं परंतु अनुभव अपने साथ ही ले आते हैं उक्ताशय के विचार संसदीय सचिव एवं बैकुंठपुर की विधायक अंबिका सिंहदेव ने जन जागृति बने पर द्वारा आयोजित वरिष्ठ नागरिक दिवस पर अपने उद्बोधन में कहा। उन्होंने आगे कहा कि बड़ों बुजुर्गों के अनुभव ही युवाओं और बच्चों को आगे लेके जाते हैं और बुजुर्गों को आगे आकर अपने अमूल्य अनुभवों से समाज को मुख्य धारा से जोड़ना है। विदित हो कि जन जागृति मनेंद्रगढ़ द्वारा अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर गूगल मीट की माध्यम से एक परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें अध्यक्षता निर्दोष जैन लक्ष्य धनबाद काव्य प्रेमी एवं मार्गदर्शन ने की। वहीं मुख्य अतिथि अंबिका सिंहदेव संसदीय सचिव एवं विधायक बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र व मनेन्द्रगढ के वरिष्ठ साहित्यकार बीरेन्द श्रीवास्तव संयोजक वनमाली सृजन पीठ मनेंद्रगढ़ रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ. अर्चना श्रेया बैंगलोर एवं एसके प्रबंध निदेशक दैनिक सम्यक क्रांति बैकुंठपुर व सरदार जितेंद्र सिंह सोढी वरिष्ठ साहित्यकार साउथ ईस्टर्न कोलफ ील्ड्स लिमिटेड बिलासपुर रहे। संचालन अंबिकापुर से तुलसी विश्वास सरस्वती वंदनाएएकता गुप्ता उन्नाव लखनऊ से स्वागत गीतएडॉ अर्चना श्रेया ने किया। अतिथियों द्वारा उद्बोधन पश्चात उपस्थित कवियों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी स ।संचालन में झारखंड के कवि तुलसी विश्वास ने अपनी प्रतिभा का जलवा बखेर दिया। लखनऊ के कवि शायर खालिद हुसैन सिद्दीकी, मुंबई से छगनलाल मुथा, मध्यप्रदेश देवास से दिलीप कुमार शर्मा, भोपाल से वरिष्ठ साहित्यिकार उषा सक्सेना, विरेंद्र कुमार, जितेंद्र सिंह, टी विजय गोपाल, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अंबिका सिंहदेव, संसदीय सचिव एवम विधायक वैकुंठपुर अंत तक लगभग साढ़े तीन घंटे इस कार्यक्रम में उपस्थित रही यह बहुत ही शानदार कवि सम्मेलन सम्पन्न हुआ। आभार प्रदर्शन का उत्तरदायित्व संस्था के सचिव संतोष कुमार जैन द्वारा निर्वहन किया गया। इस परिचर्चा में उपस्थित विद्वानों ने वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं से संबंधित विभिन्न प्रकार के विचार व्यक्त किए तथा उनके निराकरण के उपाय सुझाए।

# एलपीजी सिलेंडर फटने से झोपड़ी के उड़े परखच्चे, उज्ज्वला योजना से मिला था गैस चूल्हा

## कदमनारा गांव की घटनाए, बेघर हुई बेवा जानकी पैकरा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

**जिला मुख्यालय से 14 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत कदमनारा में एलपीजी सिलेंडर फटने से घर के उड़े परखच्चे। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।**



सोमवार को दोपहर 1 बजे हुई घटना। आपको अवगत करा दें की ब्लॉक मुख्यालय बैकुंठपुर अंतर्गत कदमनारा में निवासरत वृद्धा बेवा जानकी पैकरा जो की एक मिट्टी के छोटे से झोपड़ी में अकेली रहती थी। जिसे उज्ज्वला योजना से मुफ्त एलपीजी गैस चूल्हा मिला था। जिसका उपयोग जानकी पैकरा बहुत कम किया करती थी। वो गैस चूल्हा में खाना न बनाकर लकड़ी से खाना बनाया करती थी। परंतु सोमवार को 10 बजे उक्त वृद्धा ने उसी गैस चूल्हा में चाय बनाकर पिया और घर बंदकर रोपा लगाने चली गई। जिसके करीब 3 घंटे बाद अचानक से बंद घर में जोरदार धमाका हुआ और जिसकी गूंज ने आसपास में दहशत का माहौल निर्मित कर दिया। आसपास के घरों के छतों और छानी में उड़े झोपड़ी के गिरते एलवेस्टर सीट के टुकड़ों की आवाज ने सभी पड़ोसियों को डरा दिया सभी ने घरों से बाहर निकल कर देखा तो जानकी पैकरा के घर से धुंध उठ रहा था लोग पहुंचे तो पता चला की पूरी झोपड़ी उड़ चुकी है। बाद में पड़ोसिया द्वारा जान माल के नुकसान की तफ्तीश किया गया। घटना की खबर मीडिया तक पहुंची जिसके बाद कलेक्टर को अवगत कराया गया। और प्रशासनिक अमला घटनास्थल पहुंचकर नुकसान का मुआयना किया। गैस सिलेंडर फ टने से वृद्धा बेघर हो चुकी है। सरपंच द्वारा उसके रहने की वैकल्पिक व्यवस्था करने की बात कही गई। गैस सिलेंडर फटने का कारण का पता नहीं चल सका है। पर उक्त वृद्धा का घर और घर का समान पूरी तरह बर्बाद हो चुका है। जिसके लिए उसे शासन प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा है।

# एक नजर

## मुकेश प्रताप सिंह राजस्व निरीक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मनोनीत

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



राजस्व निरीक्षक संघ जिला कोरिया की एक आवश्यक बैठक स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस बैकुंठपुर में आयोजित की गई। बैठक में संघ की जिलाकार्यकरिणी का गठन किया गया। निवर्तमान जिलाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों की सहमति से जिला पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष मुकेश प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष प्रकाश नारायण दुबे, सचिव फरीद खान, कोषाध्यक्ष राम प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी प्रीतम बेक को मनोनीत किया गया। बैठक में हंसलाल नायक, सेवकराम मरावी, शिवकुमार सिंह, संदीप सिंह, तोषराम पटेल, हेमंत साहू, महेंद्र साय, बीरसाय, छत्रसाय नागदेव, सदाशिव मिश्रा, पुनमरानी देवदास, अजय शर्मा, रामसिंह उपस्थित रहे।

## जिलों में पदस्थ चिकित्सा अधिकारियों को एम्स रायपुर करेगा प्रशिक्षित

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

एनपीसीडीसीएस कार्यक्रम के अंतर्गत जिलों में पदस्थ चिकित्सा अधिकारियों को एम्स रायपुर द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। ऑनलाइन माध्यम से होने वाले इस प्रशिक्षण में मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप से सम्बंधित बारीकियां बताई जायेंगी। इसी क्रम में आज 22 अगस्त 2022 को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ के मीटिंग हॉल में ऑनलाईन उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण 3 बैचों में प्रदान किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ भोस्कर विलासन राव संदीपन, मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छ.ग. द्वारा किया गया। इस मौके पर डॉ. सुरेन्द्र पामभोई, संयुक्त संचालक, एनएचएमए डॉ. महेन्द्र सिंह, उप संचालक, एनपीसीडीसीएस कार्यक्रमए डॉ. विनय पंडित, विभागाध्यक्ष मेडिसीन विभाग, एम्स रायपुर, आनंद साहू, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, एनएचएम डॉ. सुमी जैन, राज्य कार्यक्रम समन्वयक एनसीडीए एवं 79 प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## लायंस क्लब नांदगांव कमेटी चेयरपर्सन सेमीनार सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-नांदगांव।

लायंस क्लब ऑफ नांदगांव द्वारा लायंस कमेटी चेयरपर्सन सेमीनार का आयोजन तुमड़ीबोड़ में लायन ललित भंसाली के फार्म हाउस में आयोजित किया गया। लायंस सभा का प्रारंभ ललित भंसाली द्वारा किया गया। समारोह के मुख्य वक्ता लायन विजय गुप्ता, दुर्ग को लायन अशोक कोटडिया ने मंच पर आसीन कराया। ध्वज वंदना का पठन लायन दिलीप खंडेलवाल ने किया। विश्व शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। मुख्य वक्ता लायन विजय गुप्ता, अध्यक्ष लायन ललित भंसाली, वरिष्ठ लायन अशोक कोटडिया द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया। लायंस क्लब के अध्यक्ष ललित भंसाली ने लायंस इंटरनेशनल द्वारा बनाए हुए नियमों के तहत विभिन्न कमेटियों के चेयरपर्सन के नाम की घोषणा की। वरिष्ठ लायन अशोक कोटडिया ने अपने उदबोधन में बताया कि क्लब को सुचारू ढंग से संचालित करने के लिए कमेटियों का गठन कर लायन सदस्यों को महत्ती जिम्मेदारी दी जाती है। इस अवसर पर नए सदस्य लायन अभय जैन को लायंस इंटरनेशनल से प्रदत्त किट लायन विजय गुप्ता के हाथों देकर जैन को सम्मानित किया गया। लायन विजय गुप्ता का जीवन परिचय लायन नवीन तिवारी ने दिया। लायंस कमेटी चेयरपर्सन समारोह के मुख्य वक्ता लायन विजय गुप्ता ने अपने उद्गार प्रकट करते हुए कहा कि हम सेवा करते हैं, उक्त को समझाते हुए बताया कि पीड़ित मानव की सेवा कार्यों को कैसे किया जाय और निःस्वार्थ भाव से उस व्यक्ति को उसका लाभ मिले। सेवा भावना को लेकर जज्बा पैदा कर कुछ कर गुजरने का संकल्प लेकर आगे आये और अपने आप को बदल कर कार्य कीजिए। काश ऐसा शब्द है जिसे हमें पीछे छोड़ देना चाहिए। काश मैं यह कर पाता, काश मेरे पास और समय होता तो वह काम कर सकता। हमें काश को अपने जीवन में नहीं अपनाना है।

# शासकीय ग्राम भारती महाविद्यालय में नैक मूल्यांकन सर्वेक्षण संपन्न

**कोरबा** । नैक राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषदद्ध की राष्ट्रीय टीम द्वारा शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार का निरीक्षण परीक्षण किया गया। इस टीम में विशेषज्ञ के रूप डॉ गुरदीप सिंह. पूर्व वाइस चांसलर विनोबा भावे वि. वि हजारीबाग व प्रोफेसर आईआईटी धनबाद, डॉ इंद्रनिल आचार्य प्रोफेसर विद्या सागर वि. वि.मेदनीपुर, डॉ.चंद्रशेखरन सेवानिवृत्त प्राचार्य कंडास्वामी वि.वि.सम्मिलित थे। महाविद्यालय के संस्थापक बोधराम कंवर, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.टी.डी.वैष्णव, महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष व कटघोरा विधानसभा के विधायक पुरुषोत्तम कंवर, आइक्यूएसी प्रभारी डॉक्टर के के दुबे, प्रभारी अखिलेश पांडे ने टीम का स्वागत किया। महाविद्यालय के लोक नर्तक दल ने पारंपरिक गायन वादन व नृत्य करते हुए स्वागत द्वार से महाविद्यालय परिसर तक टीम को लाया गया। तत्पश्चात मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद महाविद्यालय का निरीक्षण आरंभ किया गया। यातव्य है कि किसी भी महाविद्यालय को यूजीसी से मिलने वाला अनुदान अब नैक मूल्यांकन के उपरांत ही प्राप्त हो सकेगा। इसी क्रम में 17 और 18 अगस्त को महाविद्यालय निरीक्षण के दौरान टीम ने बिंदु वार महाविद्यालय की पिछले पांच वर्षों की शैक्षिक, सामाजिक,सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों का जायजा लिया । शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण के दौरान किए गए नवाचार आदि का निरीक्षण किया गया। कंप्यूटर साइंस विभाग के सहायक प्राध्यापक मनोज बरवे द्वारा स्वयं के वेबसाइट द्वारा शिक्षण कार्य को अच्छा प्रतिसाद मिला। वनस्पति विभाग के द्वारा निर्मित बॉटनिकल गार्डन,रसायन शास्त्र विभाग द्वारा संपन्न दो माइनर प्रोजेक्ट को नैक टीम ने सराहा। महाविद्यालय में आईसीटी शिक्षण, वर्मी कंपोस्ट वाटर हार्वेस्टिंग, एनएसएस गतिविधियों में रक्तदान शिविर, गोद ग्राम के विकास के लिए भी टीम ने महाविद्यालय को प्रोत्साहित किया।

# वृद्धा आश्रम की जर्जर स्थिति का जायजा लेने पहुंचे किसान नेता

## संधारण के लिए जिला प्रशासन से लेंगे अनुमति'

जोहार छततीसगढ़-बेमेतरा।



किसान नेता योगेश तिवारी जिला मुख्यालय स्थित वृद्धा आश्रम की जर्जर स्थिति का जायजा लेने पहुंचे। यहां किसान नेता ने आश्रम के जर्जर भवन के संधारण का जिम्मा लेने की बात कही। उल्लेखनीय है कि बीते 10 साल से जिले का एकमात्र वृद्धा आश्रम जिला मुख्यालय में सिंचाई विभाग के पुराने भवन में संचालित हो रहा है। जहां जान जोखिम में डालकर बुजुर्ग आश्रम में रहने को मजबूर हैं। इसकी जानकारी मिलने किसान नेता बुजुर्गों से मिलने पर वृद्धा आश्रम पहुंचे। जहां बुजुर्गों ने किसान नेता को भवन की जर्जर स्थिति और पूर्व में हुए हादसों से अवगत कराया है। किसान नेता ने भवन के हर कमरे में जाकर बदहाल स्थिति का जायजा लिया। बुजुर्गों की परेशानियों से अवगत होने पश्चात किसान नेता ने बदहाल आश्रम भवन की मरम्मत का आश्वासन दिया। 10 सीट की क्षमता वाले इस वृद्ध आश्रम में वर्तमान में से बुजुर्ग निवास कर रहे हैं। इस दौरान पीयूष शर्मा, मनोज सिन्हा, बलराम राय, नरेश किसान नेताा ने राय, संजू बारले, विरेंद चंदेल, ज्ञानेश्वर साहू, टोपेंद्र सोनवानी, तिलक सिन्हा, खोमेष सोनवानी, सेवक यादव, मनोज बंजारे, प्रभात चंद्रवंशी, लक्ष्मी साहू, जानकी गायकवाड, गायत्री माहेश्वरी, कुमारी वर्मा, झग्गर सिंह भट्ट, रमेश चंद्र गुप्ता, अर्चना यादव आदि उपस्थित थे।

### जिला प्रशासन से अनुमति मिलते ही शुरू कराई जाएगी मरम्मत

किसान नेता योगेश तिवारी ने बताया कि गोदावरी सेवा ट्रस्ट के अंतर्गत इस भवन की मरम्मत के लिए बेमेतरा कलेक्टर जितेंद्र शुक्ला से बुधवार को मुलाकात कर चर्चा करने के साथ अनुमति मांगी जाएगी। जिला प्रशासन की ओर से अनुमति मिलने के बाद भवन की आवश्यकतानुसार मरम्मत कराई जाएगी। इस दौरान किसान नेता ने कहा कि माता-पिता तुल्य बुजुर्गों की सेवा ही परम धर्म है। बेसहारा बुजुर्गों को इस वृद्धा आश्रम में आश्रय मिला है। यहां बुजुर्गों को हर तरह की सुविधा मिले इसके लिए सरकार के अलावा सामूहिक प्रयास की जरूरत है। हर कार्य के लिए सरकार पर निर्भरता जरूरी नहीं है। इसलिए वृद्धा आश्रम की मरम्मत का बीड़ा उठाया है। जिला प्रशासन की अनुमति मिलते ही काम शुरू कर दिया जाएगा। तीन कमरा व एक हाल वाले वृध्दाश्रम भवन में जगह-जगह जगह सीपेज आ रहा है, छत से प्लास्टर गिरने लगा है। कमरों की दीवारों में दरारें आ गई है।

# 24 अगस्त को प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा द्वारा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

छत्तीसगढ़ के बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता और रोजगार दिए जाने मांग को लेकर 24 अगस्त को प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा द्वारा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। इसके लिए समूचे छत्तीसगढ़ के विभिन्न भाजपा मंडलों में बैठके आयोजित कर निवास घेराव को सफ ल बनाने के लिए पूरा प्रदेश भाजपा रणनीतियां बनाकर अपने अपने मंडल से रायपुर पहुचंगे इसी कड़ी में बेमेतरा विधानसभा के अंतर्गत बेरला मंडल का बैठक रखा गया जिसमें 600 कार्यकर्ता मंडल से जाने का लक्ष्य रखा गया व उसे सफल बनाने के लिए शक्तिकेन्द्र व बूथ स्तर पर अधिक से अधिक कार्यकर्ता ले जाने के लिए कार्यकर्ता जुटने को कहा। घेराव को सफ ल बनाने की तैयारियों के मध्यनजर सोमवार को महाराणा प्रताप भवन बेरला में बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पूर्व विधायक



अवधेश चंदेल, बैठक प्रभारी पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद दुबे, महामंत्री गौकरण साहू, वरिष्ठ नेता संजीव तिवारी, यतीश द्विवेदी उपस्थित थे। राजेन्द्र शर्मा ने कहा सरकार जो 36 वादा किया उसमें एक भी वादा पूरा नहीं हुआ जिसमें युवाओं को बेरोजगारी भत्ता व रोजगार देने की बात कही थी पर आज तक नही दिया है अब यह निश्चित हो गया है कि यह सरकार युवाओं के आक्रोश के सैलाब में ठिकने वाली नही है।

बैठक में अधिक से अधिक युवाओं को घेराव में शामिल होकर सरकार से अपने हक की मांग की आवाज बुलंद करने को कहा। अवधेश चंदेल ने बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कांग्रेस द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्र में हर वर्ग के लिए लोभ लुभावन वादा किया और सरकार बना लिया और आज हर वर्ग को सरकार ने ठगने का कार्य किया है। यह राज्य सरकार की जाने का वक्त आ गया है। अब युवा महिला, कर्मचारी किसान के साथ प्रदेश का प्रत्येक नागरिक इस झूठी सरकार से अपने वादे का हिसाब मांगेगा। अब युवाओं के सब्र का बांध टूट चुका है। अब इस सरकार को सबक सिखाने का वक्त आ गया है।

# छात्र संघ चुनाव कराने एनएसयूआई ने संसदीय सचिव को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



नवागढ़ विधानसभा का एकमात्र महाविद्यालय शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ में आज भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई ने छत्तीसगढ़ में छात्र संघ चुनाव कराए जाने के मांग के लिए आज छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव व विधायक नवागढ़ गुरूदयाल सिंह बंजारे के निवास स्थान पर पहुंचकर एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने संसदीय सचिव जी को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि इस वर्ष छात्र संघ चुनाव छत्तीसगढ़ के सभी महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव कराए जाए ताकि छात्र छात्राओं की हर आवाज शासन और प्रशासन तक पहुंच सके व साथ-साथ प्रथम वर्ष बीएससी की और एम हिंदी साहित्य राजनीति विज्ञान समाजशास्त्र की भी सीट बढ़ोतरी के लिए सभी छात्र छात्राओं ने संसदीय सचिव का आभार व्यक्त किया व महाविद्यालय नवागढ़ से संबंधित कई महत्वपूर्ण समस्याओं पर एनएसयूआई के छात्र छात्राओं ने चर्चा की जिस पर संसदीय सचिव ने सारे समस्याओं की निराकरण का आश्वासन दिया व साथ-साथ सभी छात्र छात्राओं को छात्र संघ चुनाव के लिए आशीर्वाद व शुभकामनाएं प्रेषित की इस अवसर पर पूर्व शहर अध्यक्ष एनएसयूआई नवागढ़ व महाविद्यालय मीडिया प्रभारी परमेश्वर पात्रे सक्रिय कार्यकर्ता अजित चतुर्वेदी शिखा गेडाम निखिल चौबे प्रिया कोसले ज्योति साहिल कुर्रे लालाराम विश्वराज महेंद्र नरेंद्र देवेंद्र हर्ष बघेल पुष्पराज भानु सुरेंद्र प्रशांत सहित बड़ी संख्या में छात्र.छात्राएं शामिल रहे अंत में परमेश्वर पात्रे ने बताया की छात्र संघ चुनाव नहीं होने के कारण छात्रों की हर छोटी-बड़ी समस्याओं का समाधान नहीं होता पा रहा है व छात्र छात्राओं की आवाज शासन तक पहुंचने के लिए छात्र प्रतिनिधि महाविद्यालय में होना बहुत जरूरी है ताकि छात्र छात्राओं के सारे मुद्दों का निराकरण हो सके।

# गरियाबंद के कृष्ण कुमार ने फिर तोडा रिकार्ड

## रायपुर से दिल्ली तक 1100 किमी की 16 दिनों में पूरी की पदयात्रा

जोहार छत्तीढ़-गरियाबंद।

**आजादी के अमृत महोत्सव पर 75वें वर्षगाँठ पर पीएम के हर घर तिरंगा के संदेश को लेकर गरियाबंद के पत्रकार कृष्ण कुमार सैनी ने रायपुर से दिल्ली तक 1100 किमी की तिरंगा पदयात्रा कर नया इतिहास रचा है।**



पदयात्रा ऐसी थी कि कृष्ण कुमार मध्यप्रदेश उत्तर प्रदेश राजस्थान और हरियाणा के बीस से अधिक जिलो से होकर गुजरते दिल्ली के इंडिया गेट तक पहुँची। कृष्ण कुमार सैनी ने इस तिरंगा पदयात्रा को 16 दिनो में पूरी कर दी। बीते रविवार को पदयात्रा सम्पन्न कर लौटे सैनी का राजिम में भव्य स्वागत हुआ वही क्षेत्र के लोग ने उन्हे इस नये इतिहास रचने पर बधाई दी।

### छ.ग. के दो पूर्व मंत्रीयों ने हरी झंडी दिखाकर किया था रवाना

बीते पांच अगस्त को रायपुर के भारत माता चौक से छग के दो पूर्व मंत्री जिसमें एक रायपुर दक्षिण के वर्तमान विधायक बृजमोहन अग्रवाल और पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। रवाना करते समय भी रायपुर और गृह ग्राम राजिम के चाहने वाले बडी संख्या में उपस्थित थे। वही हरी झंडी दिखाकर रवाना करने वाले पूर्व मंत्री द्वय ने भी जमकर तारीफ करते हुये कृष्ण कुमार को छग का गौरव बताया था।

### कृष्ण कुमार की तीन महिने में तीसरी पदयात्रा

पदयात्रा में एक के बाद एक रिकार्ड कायम करने वाले कृष्ण कुमार सैनी ने छग के मंगल कामना लिये अपनी पहली पदयात्रा 12-13 जून को 24 घंटे मे नानस्टॉप 140.6 किमी डोंगरगढ माँ बम्लेश्वरी मंदिर तक तपती धुप में यात्रा किया था। वही इनकी दूसरी पदयात्रा 1 जुलाई से 11 जुलाई तक छग और ओडिशा के बीच जल विवाद टालने की कामना लिये माता कौशल्या के मायका चंदखुरी से जगन्नाथ धाम पुरी तक 600 किमी की पदयात्रा पूरी कर लिम्का बुक में रिकार्ड दर्ज कराया। वही हर घर तिरंगा के राष्ट्रीय संदेश को प्रचार में रायपुर से दिल्ली इंडियागेट तक की 1100 किमी की तीसरी पदयात्रा कर छग का नाम रोशन किया है। छ.ग. का पदयात्री जब दिल्ली के इंडियागेट पहुंचा तो वहां के लोगों ने जमकर स्वागत किया।



# एक्टिंग की दुनिया में कमबैक करेंगी गीता बसरा, शेरशाह के निर्माता से मिलाया हाथ

बॉलीवुड एक्ट्रेस गीता बसरा ने साल 2006 में आई फिल्म दिल दिया है से बॉलीवुड की दुनिया में कदम रखा था। इस फिल्म में एक्ट्रेस के अपोजिट इमरान हाशमी और अश्मित पटेल नजर आए थे। इसके बाद गीता को इमरान हाशमी की द ट्रेन में देखा, जो दर्शकों को काफी पसंद आई थी। फिल्मों में काम करने के बाद गीता बसरा ने 29 अक्टूबर 2015 को पंजाब के जालंधर में पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह से शादी की। उनकी एक बेटी हिनाया हीर प्लाहा है, जिसका जन्म 27 जुलाई 2016 को पोर्ट्समाउथ, हैम्पशायर में हुआ था।

बेटी को जन्म देने के बाद गीता बसरा ने एंटरटेनमेंट की दुनिया से ब्रेक ले लिया था। बीते साल 10 जुलाई के दिन गीता बसरा एक बेटे जोवन वीर सिंह प्लाहा को जन्म दिया। गीता बसरा को आखिरी बार 2016 में आई फिल्म लॉक में देखा गया था। रिपोर्ट के मुताबिक गीता बसरा लगभग 6 साल के बाद एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। दरअसल गीता बसरा ने सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की सुपरहिट फिल्म शेरशाह के प्रोड्यूसर शब्बीर बॉक्सवाला के साथ अपकमिंग फिल्म के लिए हाथ मिलाया है।

इस फिल्म का निर्देशन पवन वाडेयार कर रहे हैं। इसका टाइटल नोटरी रखा गया है। फिल्म में गीता के अपोजिट परमब्रत चटर्जी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग 45 दिनों के सिंगल शेड्यूल में भोपाल में होगी। शूटिंग 5 अक्टूबर से शुरू हो रही है। इसकी पुष्टि करते हुए गीता ने कहा, मैं बहुत खुश जगह में हूं। शब्बीर ने मुझे फोन किया और मुझे एक भूमिका की ऑफर की जो मुझे बहुत पसंद आई। मुझे एक ऐसी भूमिका के साथ वापसी करने में खुशी हो रही है जो मेरे लिए सही है।

# प्रसिद्धि कभी भी किसी भी रिलेशन से बढ़कर नहीं होती : सीरत कपूर



दोस्ती और प्रसिद्धि मे सबसे जयदा महत्वपूर्ण क्या है उनके लिए, इसपर अभिनेत्री का कहना है , दोस्ती, प्रसिद्धि कभी भी किसी भी रिलेशन से बढ़कर नहीं होती । इन सम्बन्धो को कायम दिल के करीब बहोत प्रेम के साथ रखना चाइये।

चाहे वह एक आम आदमी हो या एक प्रसिद्ध हस्ती, हर एक को अपने जीवन में एक करीबी दोस्त की जरुरत होती हैं जो जीवन के हर पड़ाव में उनका साथ देता है। अपने जीवन के इनिशियल फेज से लेकर अडुल्टिंग तक, वो आपके साथ रहते आपके परिवार जैसे, और हमारी अभिनेत्री सीरत कपूर भी इसी बात पर विश्वास रखती है। अपने अद्भुत व्यक्तित्व और अभिनय कौशल के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री सीरत के बारे में एक बात जो ज्यादातर लोगों को पता नहीं है, वह यह है कि उन्हें अपने करीबी लोगो से काफी लगाव है और उन्हें अपने पसंदीदा लोगो को उनके दिल के करीब रखना पसंद हैं। बॉलीवुड इंडस्ट्री एक ऐसी इंडस्ट्री है, जो ग्लैम से भरपूर है लेकिन काफी संघर्ष और मेहनत के साथ आती है। समय की कोई निश्चितता नहीं होने के कारण, अभिनेताओं को अपने पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को बैलेंस करना बहोत महत्वपूर्ण हे । अपने दोस्तों के लिए अपने बिजी स्केडुल से कुछ समय निकालने पर अभिनेत्री कहती है, ऐसे कई पहलू हैं जो मानव जीवन को बनाते हैं और उनमे से एक है दोस्ती । जबकि मेरा मानना है कि समान समय बनाना महत्वपूर्ण हे और अपने पर्सनल रिलेशन्स को मेन्टेन करना बहोत महत्वपूर्ण हे ।

# फिल्म द डर्टी पिक्चर के सीक्वल पर चल रहा है काम

2011 में आई फिल्म द डर्टी पिक्चर ने रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया था। फिल्म को निर्माता एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया था। इस फिल्म ने अभनेत्री विद्या बालन को काफी शोहरत दिलाई। खासकर उनका बोल्ड अवतार दर्शकों को रास आया। अब सुनने में आ रहा है कि इस फिल्म के सीक्वल पर काम चल रहा है। फिल्म के सीच ल में विद्या की जगह कोई और अभिनेत्री ले सकती है।

रिपोर्ट के अनुसार, एकता द डर्टी पिक्चर के सीच्ल को बनाने पर विचार कर रही हैं। इंडस्ट्री के एक सूत्र ने बताया, एकता लंबे समय से द डर्टी पिक्चर के सीच्ल की योजना बना रही हैं। आखिरकार उन्होंने कई वर्षों में दर्जनों आइडियाज पर काम करने के बाद एक आइडिया को फाइनल किया है। मनमर्जियां, हसीन दिलरुबा, जजमेंटल है क्या और रश्मि रॉकेट जैसी फिल्मों की कहानियां लिखने वालीं लेखिका कनिका ढिल्लों फिल्म की स्क्रिप्ट लिखेंगी।

खबरों की मानें तो कनिका एक मेल राइटर के साथ फिल्म का लेखन कर रही हैं। कहा जा रहा है कि इस साल के अंत तक फिल्म की स्क्रिप्ट बनकर तैयार हो जाएगी। सूत्र की मानें तो बालाजी मोशन पिक्चर्स और एकता की टीम इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साहित है। अगर सबकुछ योजना के हिसाब से चला, तो अगले साल की पहली तिमाही में इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी।

# दक्षिणी सुपरस्टार्स के साथ काम करने के अनुभव से खुश हैं कनिष्क सोनी

लोकप्रिय टीवी शो 'दीया और बाती हम', 'पवित्र रिश्ता' और 'देवी आदि पराशक्ति' का हिस्सा रह चुकीं कनिष्क सोनी दक्षिण के सुपरस्टार्स के साथ काम करने के अनुभव से खुश हैं। वह कहती है, दक्षिण मनोरंजन उद्योग का हिस्सा होने से मुझे अभिनय सीखने में मदद मिली है। मुझे 'देवराय' में श्रीकांत जैसे लोकप्रिय सितारों के साथ काम करने का अनुभव है, विवेकानंदन, जिन्हें पेशेवर रूप से विवेक के रूप में जाना जाता है, फिल्म 'पथयराम कोडी' और भी एस. एस. राजामौली सर के साथ। आज के सभी अनुभव मुझे हॉलीवुड प्रोजेक्ट प्राप्त करने में मदद कर रहे हैं।



कनिष्क ने कनाडा स्थित लेखक-निर्देशक यासर शेख द्वारा बनाई गई एक लघु फिल्म, च्वाइस इज योर नामक एक अंतरराष्ट्रीय परियोजना में भी काम किया। उन्होंने टीवी उद्योग को इसका हिस्सा बनने के लिए और इसी तरह के अंतरराष्ट्रीय या हॉलीवुड परियोजनाओं का हिस्सा बनने के लिए छोड़ दिया।

कनिष्क, जो पेशे से एक गायिका भी हैं, ने लाइव शो के लिए जाने-माने गायकों के साथ प्रदर्शन किया है, जिसमें हार्डी संधू और दिवंगत गायक, सिद्धू मूसेवाला शामिल हैं, का कहना है कि जल्द ही वह हॉलीवुड परियोजनाओं के लिए भी गाएंगी।

अभिनय के अलावा, मैं संगीत में भी बहुत सक्रिय हूं। मैं संगीत समारोहों में बॉलीवुड गाने गाकर यहां मनोरंजन करता हूं। और जल्द ही मैं हॉलीवुड के गीतों को भी अपनी आवाज देने की योजना बना रहा हूं।

## खेल

न्यूजीलैंड की ऐतिहासिक जीत-

# वेस्टइंडीज में पहली बार वनडे सीरीज जीते, डिसाइडर मैच 5 विकेट से अपने नाम किया

न्यूजीलैंड ने ब्रिजटाउन के मैदान पर सोमवार को ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। उसने 3 मैचों की वनडे सीरीज के निर्णायक मुकाबले में वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया है।




कीवियों ने पहली बार वेस्टइंडीज में वनडे सीरीज 2-1 जीती है। इससे पहले उसे कैरेबियाई सरजमीं पर पराजय का सामना करना पड़ा है। इस मैच से पहले तक सीरीज 1-1 की बराबरी पर थी। डिसाइडर मैच में मेजबानों ने पहले खेलते हुए 301/8 रन का स्कोर खड़ा किया। मेहमान टीम ने टॉम लॉथन की लीडरशिप में 47.1 ओवर में 5 विकेट पर 307 रन बनाते हुए वेस्टइंडीज में पहली बार द्विपक्षीय अपने नाम कर ली।

**मेयर्स का शतक, पूरन ने 55 गेंद पर 91 रन**

शाई होप (51) और काइल मेयर्स (105) ने वेस्टइंडीज ने जबर्दस्त शुरुआत दिलाई। दोनों 173 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप की। मेयर्स अपने वनडे करियर का दूसरा शतक जमाने के बाद लॉकी फर्ग्यूसन का शिकार बने। उनके बाद कप्तान निकोलस पूरन ने 55 गेंदों पर 91 रनों की आक्रामक पारी खेली। पूरन ने 4 चौके और 9 छक्के जड़े। शेष बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके। ट्रेंट बोल्ड ने 3 विकेट चटकाए। मिचेल सेंटनर को दो विकेट मिले। कीवियों की ओर से गुप्टिल (57) और कॉनवे (56) ने दूसरे विकेट के लिए 82 रन जोड़े। वहीं, लैथम (69), मिचेल (63) और नीशम (35*) ने जीत में अहम योगदान दिया।

### वेस्टइंडीज ने घर में चारों सीरीज जीतीं हैं

*वेस्टइंडीज ने अपने घर में न्यूजीलैंड के खिलाफ चारों वनडे सीरीज अपने नाम की हैं। दोनों देशों के बीच सबसे पहले 1985 में सीरीज खेली गई थी। जिसे कैरेबियाई टीम ने 5-0 से जीता था। फिर 1996 में 3-2 से, साल 2002 में 3-1 से और 2012 में 4-1 से वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज अपने नाम की थी।*

# एशिया कप से पहले 'आत्मविश्वास' के लिये विकेट पर समय बिताना ज़रूरी : राहुल



**हरारे ।** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान केएल राहुल ने ज़िम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच में जीत के बाद शनिवार को कहा कि उनके लिये एशिया कप से पहले विकेट पर समय बिताना ज़रूरी है ताकि वह थोड़े आत्मविश्वास के साथ एशियाई आयोजन में प्रवेश करें।

भारत ने जिम्बाब्वे को दूसरे एकदिवसीय मैच में पांच विकेट से मात दी। लंबे समय बाद टीम में वापस आये राहुल भारत की ओर से ओपनिंग करने उतरे थे लेकिन वह सिर्फ एक रन बनाकर पवेलियन लौट गये।

कप्तान राहुल ने मैच के बाद कहा, मैं आउट होने के बाद (बल्लेबाजी को लेकर) चिंतित नहीं था। हमारी बल्लेबाजी में गहराई है। यह दूसरे खिलाड़ियों के लिये अच्छा है जिन्हें पिच पर समय बिताने का मौका मिला।

उन्होंने एशिया कप से पहले अपनी तैयारी के बारे में कहा, मुझे विकेट पर समय बिताने की आवश्यकता है। जाहिर है यह शृंखला खेलना मेरे लिये महत्वपूर्ण था ताकि मैं कुछ रन और थोड़े आत्मविश्वास के साथ एशिया कप में जा सकूं। दुर्भाग्यवश आज ऐसा नहीं हो सका। उनके पास कुछ अच्छे गेंदबाज हैं। मैंने यह बांग्लादेश के खिलाफ इनकी पिछली शृंखला में भी देखा था।

## एक नजर

# भारत-ए की कप्तानी के लिये पांचाल, विहारी का नाम आगे



**मुंबई ।** गुजरात रणजी टीम के अनुभवी खिलाड़ी प्रियांक पांचाल सितंबर में भारत आने वाली न्यूज़ीलैंड-ए टीम के खिलाफ भारत-ए की अगुवाई कर सकते हैं। पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत-ए की कप्तानी कर चुके पांचाल को एक बार फिर यह जिम्मेदारी दी जा सकती है। यदि पांचाल किसी कारण शृंखला में हिस्सा नहीं ले पाते तो हनुमा विहारी टीम की कप्तानी करेंगे। पांचाल इस समय बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में हैं।

उल्लेखनीय है कि न्यूज़ीलैंड-ए टीम सितंबर में भारत का दौरा करेगी। यहां वह बेंगलुरु में तीन चार-दिवसीय मैच, और चेन्नई में तीन एकदिवसीय मैच खेलेगी। न्यूज़ीलैंड-ए इससे पहले 2017 में भारत आयी थी। क्रिकबज़ ने कहा कि रणजी ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले कई खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल किया जा सकता है, लेकिन टीम कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ियों को भी मौका देना चाहेगी, जो लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं।

# प्रमोद, सुकांत ने थाईलैंड में जीता स्वर्ण

**पट्टाया ।** भारतीय पैरा शटलर प्रमोद भगत और सुकांत कदम की जोड़ी ने थाईलैंड पैरा-बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में इंडोनेशिया के ड्वियोको ड्वियोको और फ्रेडी सेटियावन को मात देकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने एसएल3-एसएल4 फाइनल में अपने इंडोनेशियाई प्रतिद्वंदियों को 21-18, 21-13 के सीधे गेमों में मात दी।



दूसरी ओर, भगत और कदम ने पुरुष एकल में अपने-अपने फाइनल हारने के बाद रजत पदक से संतोष किया। प्रमोद जहां फाइनल में इंग्लैंड के डेनियल बेटहेल से 13-21, 19-21 से हारे, वहीं कदम को फ्रांस के लुकास मजूर ने 2-21, 17-21 से हराया।

भगत ने मैच के बाद कहा, मैं पूरे टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से खुश हूं। मैं जीत पर बेटहेल को बधाई देना चाहता हूं। अब मैं प्रशिक्षण मैदान पर वापस जाऊंगा और टोक्यो में विश्व चैंपियनशिप के लिए कड़ी मेहनत करूंगा।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचे पूर्व भारतीय कप्तान भूटिया

# कहा- सस्पेंशन के डर से भारतीय फुटबॉल में आवश्यक सुधारों को विफल नहीं कर सकते

पूर्व भारतीय कप्तान बाईचुंग भूटिया ने भारतीय फुटबॉल के हितों में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) की आम सभा (GB) के चुनाव के लिए सुप्रीम कोर्ट के हालिया सुधारों के समर्थन में आवेदन किया है। वकील पूर्णिमा कृष्णा के माध्यम से दायर एक हस्तक्षेप आवेदन में भूटिया ने कहा है कि FIFA के सस्पेंशन के कारण भारतीय फुटबॉल में बहुत आवश्यक सुधारों को विफल नहीं कर सकते हैं। मौजूदा व्यवस्था में वापस आने से कुछ लोगों के निहित स्वार्थों को AIFF पर 4 साल तक पकड़ बनाने की अनुमति मिल जाएगी। जिससे



खेल का नुकसान होगा। भूटिया ने कहा- प्रशासकों की समिति (COA) के मसौदे को AIFF के नए संविधान के रूप में अपनाया जाना चाहिए। यह वर्तमान और पूर्व फुटबॉल खिलाड़ियों के हित में है। आमसभा में पूर्व खिलाड़ियों को शामिल करने से फीफा के नियमों का उल्लंघन होगा। जो गलत है।

### अभी सस्पेंड है भारतीय फुटबॉल संघ

FIFA ने भारतीय फुटबॉल संघ को सस्पेंड कर दिया है। जिससे FIF अंडर -17 विमेंस वर्ल्ड कप 2022 की मेजबानी पर खतरा आ गया है।

पाकिस्तान ने नीदरलैंड को 9 रन से हराया

# रोमांचक मैच में नसीम शाह ने झटके 5 विकेट, बाबर आजम ने खेली 91 रन की शानदार पारी

पाकिस्तान और नीदरलैंड के बीच खेले गए तीसरे वनडे मुकाबले में PAK टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 रन से मैच जीत लिया। कप्तान बाबर आजम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और पूरी टीम 49.4 ओवर में 206 रन पर ऑलआउट हो गई। सबसे ज्यादा रन कप्तान बाबर आजम ने बनाए।

उन्होंने 125 गेंद में 91 रन की पारी खेली। बाबर को भारतीय उपमहाद्वीप के 19 साल के आर्यन दत्त ने आउट किया। सीरीज के पहले मुकाबले में भी आर्यन ने बाबर को अपना शिकार बनाया था। नीदरलैंड के बास डी लीडे ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।



जवाब में नीदरलैंड की टीम 197 रन पर ही ऑलआउट हो गई। भारतीय उपमहाद्वीप के विक्रमजीत सिंह ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई और 85 गेंद में 50 रन बनाए। उनके अलावा टॉम कुपर के बल्ले से 62 रन निकले। पाकिस्तान के लिए नसीम शाह ने सबसे ज्यादा 5 विकेट झटके। एक समय ऐसा लग रहा था कि PAK ये मुकाबला हार जाएगी, लेकिन PAK टीम के गेंदबाजों ने ऐसा होने नहीं दिया।

### बाबर की टीम ने किया क्लीन स्वीप

पाकिस्तान की टीम ने इस जीत के साथ ही नीदरलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप कर लिया है। इससे पहले खेले गए दोनों मुकाबले भी पाकिस्तान की टीम ने ही जीते थे।

बिलासपुर में हल्ला बोल, रायपुर में प्रदर्शन की तैयारी

# युवाओं के साथ हो रहा छलावा कहकर सड़क पर मशाल लेकर उतरे भाजपा नेता



**बिलासपुर ।** छत्तीसगढ़ के युवाओं के साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने छलावा किया है। कांग्रेस ने चुनाव पूर्व अपने घोषणा पत्र में युवाओं को रोजगार और 2500 रूपये बेरोजगारी भत्ता देने को कहा था, किंतु आज तक इन घोषणाओं पर अमल नहीं किया गया। इसके विरोध में 24 अगस्त को रायपुर में मुख्यमंत्री के निवास का घेराव किया जायेगा। इसी परिपेक्ष्य में भारतीय जनता युवा मोर्चा बिलासपुर द्वारा लाल बहादुर शास्त्री स्कूल से पं.देवकीनंदन स्कूल चौक तक मशाल रैली निकाली गई है। इस मौके पर छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि अब छत्तीसगढ़ राज्य के युवाओं के सब्र का बांध टूट चुका है। प्रदेश के युवा बेरोजगारों ने कांग्रेस सरकार को साढ़े तीन साल का वक्त वादा निभाने के लिये दिया, लेकिन निकम्मी सरकार वादा निभाने में असफल रही, और बेरोजगारी भत्ते के वादे से मुकर रही है। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है सरकार को सबक सिखाने का। सरकार युवाओं बेरोजगारो की समस्याओं की अनदेखी कर गहरी निद्रा में सोई हुई है। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष निखिल केशरवानी ने कहा कि जिस तरह से आज युवा सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरा हुआ है उसी तरह 24 अगस्त को रायपुर में आयोजित मुख्यमंत्री निवास घेराव में अधिक से अधिक युवाओं को शामिल होने का आव्हान किया। भाजयुमो द्वारा निकाली गई मशाल रैली गोल बाजार, सदर बाजार होते हुए देवकीनंदन चौक पहुँच कर समाप्त हो गई। इस रैली को देखने लोग उमड़ पड़े। मशाल रैली में विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, मस्तूरी विधायक डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी, बेलतरा विधायक रजनीश सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पाण्डेय, भाजयुमो जिलाध्यक्ष निखिल केशरवानी, सुशांत शुक्ला, दुर्गेश पाण्डेय, दीपक शर्मा, रोशन सिंह, विवेक ताम्रकार, इंशु गुप्ता, रोहित मिश्रा, राहुल सराफ, अभिषेक चौबे, नीतिन पटेल, सिद्धार्थ शुक्ला, आशीष तिवारी, महर्षि बाजपेयी, मोनू रजक, ऋषभ चतुर्वेदी, मुकेश राव, वैभव गुप्ता, लव दीक्षित, दीपक साहू, निखिल श्रीवास, अंकित पाल, कुंदन दीवान, पिंकी नागवानी, अंकित मिश्रा, साहिल कश्यप, अभिषेक राज, आकाश निषाद, द्रोण सोनकलिहार, आशीष यादव, सी अंकित गुप्ता, यश गौरहा, साहिल भाभा, अशोक राजपूत, अभिषेक साव, सचिन सोनी, हेमंत सोनी, शिवा सोनी, अनुज वोहरा, प्रशांत मिश्रा, आशीष झा, हिमांश देवांगन, हिमांशु गुप्ता सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने बिलासपुर स्थित अपने शासकीय कार्यालय में लगायी जन चौपाल

स्वागत के लिए बंगले में लगा रहा तांता



**बिलासपुर ।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष, बिलासपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अरूण साव आज अपने संसदीय क्षेत्र बिलासपुर स्थित अपने शासकीय आवास / कार्यालय नेहरू चौक में जन सामान्य एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट एवं क्षेत्र की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए उपलब्ध रहे।

इस दौरान बिलासपुर सहित कोरबा ,जांजगीर ,रायगढ़ ,गौरेला-पेंड्रा-मरवाही , मुंगेली के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं व क्षेत्र के नागरिकों व विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों का तांता उनके बंगले में लगा रहा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की उनकी नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प मालाओं एवं आतिशबाजी के साथ उत्साहपूर्वक उनके शासकीय आवास में आत्मीय स्वागत किया गया ।

इस दौरान सांसद अरुण साव ने क्षेत्र की जनता की विभिन्न समस्याओं को सुना और अधिकारियों से वार्त्तालाप करके शीघ्र उनका निराकरण करने का आश्वासन नागरिकों को दिया।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में आज से कर्मचारियों हड़ताल पर

भाजयुमो की 24 अगस्त को प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन अलर्ट, एएसपी-डीएसपी समेत हजारों जवान रहेंगे तैनात



रायपुर । सोमवार से कर्मचारियों और 24 अगस्त को भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने तैयारी कर ली है। अलग-अलग जगहों में बेरिकेटिंग की गई है, वहीं तीन दिन के लिए लगभग तीन हजार अधिकारियों और जवानों की तैनाती की गई है।

दूसरे जिले में पदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और उप-पुलिस अधीक्षकों के साथ जवानों की तैनाती की गई है। रायपुर में पहले रह चुके अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

धरना और रैली

24 अगस्त को भाजयुमो द्वारा नगर निगम के पास धरना-प्रदर्शन और रैली का आयोजन किया जा रहा है, जिसे ध्यान में रखते हुए सुगम यातायात व्यवस्था के लिए यातायात पुलिस रायपुर द्वारा मार्ग प्रतिबंधित एवं डायवर्सन व्यवस्था की गई है।

### 24 को इन मार्गों पर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा

- कोतवाली चौक से फायर ब्रिगेड चौक
- शास्त्री चौक से बंजारी चौक फायर ब्रिगेड चौक महिला थाना चौक
- महिला थाना चौक से ओसीएम चौक काली माई चौक कबीर चौक
- शास्त्री चौक से खजाना चौक
- आनंद नगर चौक से एसआरपी चौक
- केनाल रोड पंचशील चौक से छत्तीसगढ़ क्लब चौक
- पीडब्ल्यूडी चौक से सर्किट हाउस इनकम टैक्स कालोनी टर्निंग तक

आवागमन करने वाले वाहन चालकों के लिए वैकल्पिक मार्ग

- शास्त्री चौक से खजाना चौक कलेक्ट्रेट परिसर जाने वाले वाहन चालक शास्त्री चौक से मरही माता चौक खालसा स्कूल, आक्सीजन रोड होकर आवागमन करेंगे।
- इसी प्रकार शास्त्री चौक से एसआरपी चौक तेलीबांधा जाने के लिए मरही माता चौक से खालसा स्कूल केनाल चौक होकर भारत माता चौक से एसआरपी चौक एवमं तेलीबांधा चौक की और आवागमन कर सकते हैं।
- कालीबाड़ी से शास्त्री चौक रेलवे स्टेशन जाने वाले वाहन चालक केनाल लिंकिंग रोड का उपयोग कर आ-जा सकते हैं।
- सर्किट हाउस और कंट्रोल रूम जाने वाले वाहन चालक कटोरा तालाब चौक से पीडब्ल्यूडी चौक कालीमाई तिराहा, एलआइसी टर्निंग से कंट्रोल रूम सर्किट हाउस तक आवागमन कर सकते हैं।

# शहर के सबसे अधिक डेंगू प्रभावित 10 वार्डों में रोकथाम के लिए सघन अभियान जारी





**जगदलपुर।** शहर के सबसे अधिक 10 डेंगू प्रभावित वार्डों में रोकथाम के लिए दो दिवसीय सघन अभियान के तहत आज दूसरे दिन इस अभियान की शुरुआत शहर के शिव मंदिर वार्ड, भैरम देव वार्ड, सुभाष वार्ड, सदर वार्ड, इंदिरा वार्ड, रमैया वार्ड, प्रताप देव वार्ड, बालाजी वार्ड, शांतिनगर वार्ड और जवाहर नगर वार्ड में दवा का छिड़काव किया गया और लार्वा के स्त्रोतों का पता लगाकर नष्ट किया गया। इस अभियान में निगम की टीम ने शहर के 10 वार्डों में चल रहे सघन अभियान के तहत वार्डो का दौरा किया साथ ही वार्डों में घर-घर जाकर लोगों से डेंगू रोग के रोकथाम के लिए अपील भी कर रहे हैं। दो दिवसीय इस सघन अभियान में निगम अमले के साथ स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ एन सी सी कैडेट्स एन एस एस के स्वयंसेवकों ने भी सहयोग किया। साथ ही डेंगू के रोकथाम के लिए जिला प्रशासन, नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार शहर के सभी 48 वार्डों में दवा का छिड़काव किया जा रहा है। साथ ही लोगों में जागरूकता लाने के लिए भी घर घर दस्तक दी जा रही है और लोगों को घरों में रखे गमले, कूलर आदि में जमा पानी को निकालने की अपील की जा रही है।

# आरटीओ विभाग की कार्यवाहीः नियम के विरुद्ध प्रशिक्षण देने पर तेज सिंह मोटर ड्राइविंग स्कूल निलंबित



**बिलासपुर ।** बिलासपुर में कई सालों से नियम के तेज सिंह मोटर ड्राइविंग स्कूल का संचालन किया जा रहा है। इस बार आरटीओ विभाग के अफसरों ने अचानक निरीक्षण करने पहुंचे। तब पता चला कि स्कूल नियम विरूद्ध संचालित हो रहे है। जांच में यहां कई प्रकार की खामियां पाई गई। विभाग ने तेज सिंह स्कूल को निलंबित करने की कार्रवाई की है। इस तरह की कार्रवाई जिले में पहली बार हुई है। स्कूल संचालक कई सालों से ड्राइविंग का प्रशिक्षण देते आ रहे हैं। विभाग के अधिकारियों की नजर कभी नहीं पड़ रही थी। 20 जुलाई से 4 अगस्त राज्य परिवहन विभाग ने विशेष अभियान चलाया है। इस दौरान नियम विरुद्ध मोटर ड्राइविंग स्कूलों का संचालन करने वाले व यात्री वाहनों पर नकेल कसना शुरू किया। परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर के निर्देश पर राज्य में पिछले कुछ दिनों से विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस बीच जिले के तेज सिंह मोटर ड्राइविंग स्कूल के खिलाफ कार्रवाई की गई। नियम विरूद्ध स्कूल संचालन करने के कारण नोटिस जारी किया गया है। चार अगस्त तक जवाब मांगा गया है। नियमानुसार स्कूल संचालक खुले सड़क पर प्रशिक्षण नहीं दे सकते। इसके लिए खुद के पास खाली जमीन होना अनिवार्य है। सुरक्षित जगह पर प्रशिक्षण देना के निर्देश हैं। लेकिन स्कूल संचालक शहर के सड़क व हाईवे रोड में प्रशिक्षण देते हैं। इससे सड़क हादसा होने की संभावना बनी रहती है। हालंकी अभी तक इस तरह की कोई घटना सामने नहीं आई है। भीड़-भाड़ सड़कों पर प्रशिक्षण देने के बाद विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौन थे। मंत्री के आदेश के बाद सक्रिय हुए हैं।

### स्पीड गवर्नर, फिटनेस नहीं, 50 हजार जुर्माना

परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान यात्री वाहनों में स्पीड गवर्नर और फिटनेश सर्टिफिकेट के बिना संचालन करते पाया गया। इसको लेकर परिवहन विभाग ने अलग-अलग वाहन संचालकों से कुल 54 हजार 400 रुपये का जुर्माना वसूला है। इस में 39 हजार 500 रुपये समन शुल्क और 14 हजार 900 रूपए समझौता शुल्क की राशि की वसूली भी की गई है।

# महंगाई पर चर्चा में वोरा ने केंद्र सरकार की नीतियों पर कसा तंज

दो करोड़ नौकरी देने की जगह लोगों का घर चलाना किया दूभर

**दुर्ग ।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 17 से 23 अगस्त तक चलाए जा रहे महंगाई पर चर्चा अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ कांग्रेस विधायक एवं राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा ने केंद्र सरकार की नीतियों को पूरी तरह विफल बताते हुए करारा हमला बोला है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने प्रतिवर्ष 2 करोड़ रोजगार देने का झूठा जुमला देकर युवाओं को गुमराह किया एवं केंद्र की सत्ता पाई थी अब इनके नेताओं को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री, झारखंड के मुख्यमंत्री से रोजगार चाहिए। कथनी और करनी में इनके इतना फर्क है कि सत्ता खोते ही बिहार में भी अब इन्हें बेरोजगारी नजर आने लगी है। प्रधानमंत्री से लेकर केंद्रीय मंत्रियों तक एवं राज्य के भाजपा नेता कोई भी महंगाई पर चर्चा करने को तैयार नहीं है। मोदी सरकार की गलत नीतियों से घरेलू गैस ढाई गुना अधिक दामों पर मिल रहा है, खाद्य तेल, डीजल, पेट्रोल, दैनिक जरूरत के लिए आवश्यक सभी वस्तुओं की कीमतों में डेढ़ से दोगुनी वृद्धि हो गई है आम आदमी का घर चलाना दूभर हो गया है। एक तरफ दूध दही आटे जैसी चीजों पर जीएसटी लगाई जा रही है वहीं दूसरी तरफ जनसुविधाओं में लगातार सब्सिडी खत्म की जा रही है। जनता की गाढ़ी कमाई से अपना खजाना भरना और अरबपतियों की टैक्स माफी किसी से छिपी नहीं है। वर्षों की मेहनत से बनाई गई देश की संपत्तियों को बेचने का काम निरंकुश रूप से जारी है। केंद्र सरकार ने बेरोजगारी एवं महंगाई की दोहरी मार से लोगों को नाउम्मीद कर दिया है। एक भी वादे केंद्र ने 8 वर्षों में पूरा नहीं किया। गरीबों के चूल्हे की आग की चिंता केवल कांग्रेस पार्टी ही कर सकती है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में चल रही कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं से लगातार प्रदेश की जनता सशक्त हो रही है। गोधन न्याय, किसान न्याय, भूमिहीन मजदूर न्याय जैसी योजनाओं से ना सिर्फ आर्थिक मजबूती मिल रही है साथ ही स्वास्थ्य एवं शिक्षा की दिशा में स्वामी आत्मानंद स्कूल, महाविद्यालय, हमर लैब, सस्ती दवा दुकानों के माध्यम से बेहतर सुविधाएं भी दी जा रही हैं। केंद्र सरकार को प्रदेश की योजनाओं से सीख लेनी चाहिए।

### जान जोखिम में डालकर नदी पार करके स्कूल जाते हैं पुसवाड़ा के विद्यार्थी

**कांकेर ।** पुसवाड़ा के मारीपारा के हाई स्कूल के छात्र छात्राओं को बरसात के दिनों में भारी परेशानियों का सामना कर स्कूल पहुंचना पड़ रहा है। दीप्ति वटी कक्षा दसवीं, अनु साहू कक्षा दसवीं, प्रीति यादव कक्षा दसवीं, अर्चना साहू 12वीं, लिसा कोसम नवमी, दामिनी साहू नवमी, रोमन पटेल 11वीं, दीपांशु साहू 11वी, मोनिका पटेल, शालिनी कोसम, लोकेश्वरी नेताम सहित साला नायिका 12वीं की छात्रा नंदिता कोसम चर्चा करते हुए कहां की बरसात के मौसम में नदी में ज्यादा बाढ़ आने पर हम सभी छात्र छात्राओं को स्कूल आने जाने में बड़ी परेशानी होती है। उस समय हम लोग स्कूल ही नहीं जा पाते शासन प्रशासन अगर इस ओर ध्यान देकर अगर पुल निर्माण करवा देते तो हम सभी छात्र छात्राओं को परेशानी नहीं होगी।

# संस्कार भारती रायपुर ने मनाया श्री कृष्ण जन्मोत्सव

संस्कार भारती रायपुर द्वारा बाल कृष्ण रुप सज्जा व भजन का आयोजन




**रायपुर.** संस्कार भारती रायपुर द्वारा आनंद मार्ग हाई स्कूल सभा नलघर चौक रायपुर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर श्री बाल कृष्ण रूप सज्जा में नन्हे नन्हे बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया कृष्ण और राधा के वेश में लोगों का मन मोह लिया सभी उपस्थित विशिष्ट अतिथि श्री नरेंद्र गोस्वामी, श्री बीपी पटेल, श्री नर्मदा प्रसाद मिश्र, श्री मोहन वर्ल्यानी, पद्मश्री भारती बंधु, संस्कार भारती के प्रांत मंत्री सुश्री रजनी बाजपेई, संस्कार भारती के अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर, महामंत्री श्रीमती वृंदा तांबे, श्री दीपक व्यास, श्री रुपेश अग्रवाल, श्री अजय पोद्दार, श्री चंद्रशेखर शिवहरे, श्री नरेंद्र यादव, श्रीमती अनीता वर्मा, श्रीमती सूर्यकांता कश्यप, श्री लवकुश तिवारी, श्रीमती सुनीता चांसोरिया, श्रीमती आभा, डॉ. विभाषा मिश्रा द्वारा श्री कृष्ण जी की पूजा अर्चना कर संस्कार भारती का ध्येय गीत साधयति संस्कार भारती, भारते नवजीवनम। गीत गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपस्थित जनों का तिलक कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात कृष्ण और राधा के वेश में नन्हे बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी इस अवसर पर बालकृष्ण रूप सज्जा कार्यक्रम का आयोजन जिसमें राधा और कृष्ण रुप में सजकर आए बालक बालिकाओं में उनके दिव्य रूप के दर्शन हुए इसके पश्चात कृष्ण जी की भक्ति से ओतप्रोत भजनों का गायन पद्मश्री भारती बंधु एवं साथियों द्वारा एक से बढ़कर एक गीतों का प्रस्तुतीकरण कर पूरे वातावरण को कृष्णमय बना दिया।

आयोजन की सराहना करते हुए संस्कार भारती के अध्यक्ष डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर ने कहा कि जिस प्रकार से बच्चों ने इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है निश्चित रूप से यह कार्यक्रम की सफलता को दर्शाता है मुरली वाले दो मुझे खुशियों का वरदान अंतर मन में प्रीत हो होठों पर मुस्कान।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती आभा जी द्वारा एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती वृंदा तांबे महामंत्री संस्कार भारती रायपुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में यश नारा, अंशु प्रजापति, श्रीमती अनु कश्यप श्रीमती सरिता बघेल, श्रीमती छाया शिरके, श्रीमती रेखा शर्मा श्रीमती पद्मिनी वर्मा श्रीमती चंदा यादव, मनीष देवांगन सुनील नायक, अर्जुन मानिकपुरी, सुमित तिवारी, मनीष लदेर, श्रीमती संजू चंद्राकर, सुश्री श्रेया चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में लोग भजन संध्या में उपस्थित हुए और कृष्ण महा आरती में भाग लिए।

# प्रभारी सचिव निरंजन दास पहुंचे रायगढ़, गौठानों को देखा एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का लिया जायजा

## गौठानों में हो बेहतर प्रयास ताकि महिलाएं हो सके स्वावलंबी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।






जिले के प्रभारी सचिव निरंजन दास ने आज रायगढ़ जिले के गौठान, बाढ़ प्रभावित क्षेत्र एवं विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रभारी सचिव पुसौर विकासखण्ड के ग्राम सूपा स्थित मॉडल गौठान पहुंचे। उन्होंने गौठान में संचालित विभिन्न एक्टिविटी का निरीक्षण किया एवं महिला समूहों से चर्चा की। सरपंच एवं स्व-सहायता समूह की सदस्यचंद्रिका रात्रे ने बताया कि गौठान में विभिन्न गतिविधियों के संचालन से महिलाओं को रोजगार मिला है। जिससे महिलाएं समय का सदुपयोग कर अतिरिक्त आय अर्जित कर रही है। इस मौके पर कलेक्टर रानू साहू, सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे। प्रभारी सचिव दास ने गौठान में संचालित नेपियर, वर्मी टांके, दोना-पत्तल मशीन, आटा चक्की, चप्पल निर्माण मशीन एवं मशरूम पेड़ को देखा। इस दौरान समूह की महिलाओं ने बताया कि लगभग तीन एकड़ में नेपियर घास लगाया गया है, जिसे गौठान में उपयोग के साथ ही पशुपालकों को बेचा जा रहा है। इस दौरान समूह की महिलाओं ने वर्मी टांके से खाद निर्माण, दोना-पत्तल मशीन संचालन की जानकारी दी एवं पत्तल निर्माण कर दिखाया। उन्होंने बताया कि एक दर्जन समूह वर्मी उत्पादन में संलग्न है। प्रत्येक समूह को अच्छा लाभांश प्राप्त हो रहा है। वर्तमान में गौठान का कन्वर्जन रेशियों भी बेहतर है। समूह ने ऑटा चक्की मशीन एवं चप्पल निर्माण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि ऑटा चक्की मशीन से पिसाई का कार्य किया जा रहा है एवं मशीन द्वारा चप्पल निर्माण कर बिक्री की जा चुकी है। चप्पल निर्माण की सामग्री खत्म होने पर आर्डर किया गया है, जिसके पश्चात चप्पल बनाने का कार्य किया जाएगा। गौठान में समूह द्वारा गौमूत्र से जीवामृत एवं कीटनाशक बनाया जा रहा है जिसके संबंध में प्रभारी सचिव दास ने महिलाओं से उसके प्रोसेस के बारे में जानकारी ली। प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी चंद्रिका रात्रे ने गौमूत्र के पीएच मान निकालकर प्रभारी सचिव को दिखाया। इसके अलावा उसके बनाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने मुर्गीपालन शेड का भी जायजा लिया। रात्रे ने बताया कि बटेर की बिक्री की जा चुकी है एवं मुर्गी विक्रय किया जा रहा है। जिस पर प्रभारी सचिव दास ने



गौठान में संचालित विभिन्न गतिविधियों की प्रशंसा की एवं सीईओ जिला पंचायत को अन्य सभी गौठानों में इसी प्रकार सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। जिससे समूह को अधिक से अधिक लाभ हो और वह स्वावलंबी हो सके, ताकि गतिविधियों को स्वयं संचालित करें। इस दौरान उन्होंने धान के बदले लगाए गए गन्ने फसल का भी निरीक्षण किया।

इस अवसर पर उप संचालक पशुपालन डॉ.आर.एच.पाण्डेय, उप संचालक कृषि हरीश राठौर, सीईओ जनपद पुसौर महेश पटेल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### पीडीएस का किया निरीक्षण, क्वालिटी की हुई जांच

प्रभारी सचिव दास ने सूपा स्थित पीडीएस दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चांवल, शक्कर एवं नमक की गुणवत्ता की जांच की। खाद्य सामग्री के गुणवत्ताविहीन पाये जाने पर उसे तुरंत वापस करने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने दुकान संचालक से डिजिटल मशीन में मापन करने एवं रसीद प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्यान्न उठाव के संबंध में जानकारी ली। दुकान संचालक द्वारा बताया गया कि गत माह 95 प्रतिशत उठाव किया जा चुका है।

### पहुंचे आंगनबाड़ी, रेडी टू ईट चखकर देखा

ग्राम सूपा स्थित मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र में प्रभारी सचिव दास के पहुंचते ही बच्चों ने पुष्प गुच्छ के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान प्रभारी सचिव दास ने बच्चों के साथ बात करते हुए रेडी टू ईट के स्वाद के बारे पूछा एवं स्वयं चखकर देखा। इस दौरान कलेक्टर रानू साहू ने नवमीश पटेल से दीवार में छपे विभिन्न कलर को पहचानने के लिए कहा। जिस पर उसने सभी कलर को सही तरह से पहचान लिया। इस दौरान प्रभारी सचिव दास ने महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी टी.के.जाटवर से कुपोषण के संबंध में जानकारी ली। कुछ बच्चे मानक वजन से कम होने पर जल्द उन्हें एम्प्रुव कर शत-प्रतिशत करने को कहा। उन्होंने सूपा मॉडल आंगनबाड़ी की तारीफ करते हुए जाटवर को अन्य आंगनबाड़ियों को भी इसी तरह संचालित करने को कहा।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे, स्थिति का लिया जायजा

*प्रभारी सचिव दास निरीक्षण के दौरान पुसौर विकासखण्ड के बाढ़ प्रभावित ग्राम सूरजगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने बाढ़ के पश्चात गांव की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान दूजबती एवं अन्य महिलाओं ने बताया कि बाढ़ खत्म होने के पश्चात गांव की स्थिति सामान्य है, लेकिन जिनके कच्चे मकान थे वह ढ़ह गया है। इस दौरान महिलाओं ने उन मकानों को प्रभारी सचिव को दिखाया। जिस पर प्रभारी सचिव ने एसडीएम को बाढ़ में हुए नुकसान से संबंधित प्रकरण बनाने के निर्देश दिए एवं स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मौसम बदलाव को देखते हुए सूरजगढ़ सरपंच श्री बिहारी लाल यादव एवं पड़िगांव सरपंच सत्यनारायण प्रधान को सतर्क रहने के निर्देश दिए।*

# मुख्यमंत्री जनचौपाल, पीजीएन जन शिकायत, पीएमओ पोर्टल, जन शिकायत, जन चौपाल के हजारों आवेदनों का हो रहा त्वरित निराकरण

**मुख्यमंत्री जन चौपाल में 1198, पीजीएन में 967, पीएमओ पोर्टल में 238, जन शिकायत में 817, ई समाधान में 57 और जन चौपाल 887 आवेदनों का किया गया निराकरण,मुख्यमंत्री जन चौपाल, पीजीएन, पीएमओ पोर्टल, जन शिकायत और जन चौपाल में प्राप्त आवेदनों का कलेक्टर द्वारा लगातार की जा रही समीक्षा, विकासखंड स्तरीय जन चौपाल लगने से स्थानीय स्तर पर हो रहा समस्याओं का समाधान**





**कवर्धा ।** कलेक्टर जनमेजय महोबे द्वारा जनसामान्य की शिकायतों, समस्याओं और मांगों के निराकरण के लिए कलेक्टर जनदर्शन आयोजित किया जा रहा है। जहां आम नागरिक अपनी समस्या, शिकायत कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत कर रहे है। कलेक्टर द्वारा इन समस्याओं और शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए उनका त्वरित निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर श्री महोबे द्वारा मुख्यमंत्री जनचौपाल, पीजीएन जन शिकायत, पीएमओ पोर्टल, पीजी पोर्टल, जन शिकायत, जन चौपाल के आवेदनों का लगातार समीक्षा की जा रही है और इसका निराकरण किया जा रहा है। राजस्व सहित जिला के विभिन्न विभागों द्वारा आवेदनों का निराकरण त्वरित रूप से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जन चौपाल में प्राप्त 1 हजार 257 प्राप्त आवेदनों में 1 हजार 198 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। इसी प्रकार पीजीएन जन शिकायत में प्राप्त 1 हजार 40 आवेदनों में 967 आवेदन का निराकरण, पीएमओ पोर्टल में 251 में 238 आवेदन, जन शिकायत में प्राप्त 893 आवेदनों में 817, ई समाधान में 64 आवेदनों में 57 आवेदन, जन चौपाल में 1 हजार 44 आवेदनों में 887 आवेदन का निराकरण किया जा चुका है। इसके साथ ही जिले में जनसामान्य के मांगों, शिकायतों और समस्याओं का निराकरण करने वनांचल क्षेत्र के ग्रामों में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमे जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर सिंघनपुरी में 496 आवेदन, तारेगांव जंगल में 343 आवेदन, चिल्फी में 344 आवेदन और रेंगाखार कला में 697 आवेदन प्राप्त हुए। जिसका निराकरण योग्य आवेदनों का विभाग द्वारा स्थल पर ही निराकरण किया गया तथा शेष आवेदनों का निराकरण भी किया जा रहा है। कलेक्टर श्री महोबे के निर्देश पर जन सामान्य के समस्याओं और शिकायतों का स्थानीय स्तर पर निराकरण करने विकासखंड स्तर पर जन चौपाल लगाएं जा रहे है। इस जनचौपाल को संबंधित राजस्व अनुविभागीय अधिकारी द्वारा लिया जा रहा है। जनचौपाल में एसडीएम जनपद पंचायत सीईओ के अलावा विकासखण्ड स्तर के सिचाई, पीएचई, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली और सहित अन्य महत्वपूर्ण विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहते है। कलेक्टर द्वारा जिले के विकासखण्ड मुख्यालयों में कलेक्टर जनचौपाल की तर्ज पर प्रारंभ की गई जनचौपाल एक अभिनव पहल है।

# भाजपा ने लचर यात्री परिवहन व्यवस्था सुधारने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## मेटावाड़ा दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 20-20 लाख का मुआवजा देने की मांग

**जगदलपुर ।** जिले में लचर व बिगड़ी यात्री परिवहन व्यवस्था में कड़ाई के साथ अविलंब सुधार करने के जनहित के विषय को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष रुपसिंह मण्डावी के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने आज बस्तर कलेक्टर चंदन कुमार से मुलाकात की और इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भाजपा नेताओं ने नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए सड़कों में दौड़ती यात्री बसों को जानलेवा बताया और मेटावाड़ा में हुए दुखद सड़क दुर्घटना का उल्लेखकर यात्री परिवहन व्यवस्था को सख्ती से सुधारने पर जोर दिया, साथ ही दुर्घटना में मृत पांच नवयुवकों के प्रत्येक परिवार को शासन प्रशासन से 20-20 लाख रुपये का मुआवजा दिये जाने की मांग भाजपा ने की है। कलेक्टर ने इस मामले में यथाशीघ्र कदम उठाने व कार्यवाही करने आश्वस्त किया है।

भाजपा प्रतिनिधि मण्डल के द्वारा दिये गये आठ बिन्दुओं के ज्ञापन पत्र में कहा गया है कि यात्री बसों में आगे जाने की अंधी होड़ सड़क हादसों का बड़ा कारण है, जिसे सुधारने के लिये यात्री बसों के छूटने में कम से कम 20 मिनट का अंतर सुनिश्चित हो, जिसे परमिट में भी दर्ज किया जाये। यात्री बसों व भारी माल वाहनों में स्पीड गवर्नर अनिवार्य रूप से लगाया जाये, जिसकी स्पीड 70 किमी से अधिक नहीं होनी चाहिए। यात्री बसों की उनके मॉडल, फिटनेस लायसेंस परमिट की जांच व वाहन चालकों की जांच सहित वाहन की क्षमतानुरप यात्रियों की संख्या की जांच भी क्षेत्रीय परिवहन विभाग द्वारा कड़ाई से नियमित रूप से की जावे। बसों में किराया सूची,फस्ट एड बाक्स,अग्निशमन यंत्र, चालक परिचालक का ड्रेस कोड सहित चालको के नशापान की जगह जगह जांच करना भी सुनिश्चित हो।

## एक नजर

# कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी लोगों की समस्याएं

## जनचौपाल में मिले 21 आवेदन

**गरियाबंद ।** जिला कार्यालय गरियाबंद में प्रत्येक सप्ताह सोमवार को आयोजित जनचौपाल में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आये 21 लोगों ने अपनी समस्या संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर प्रभात मलिक ने लोगों की समस्याएं को गंभीरतापूर्वक सुनी। उन्होंने मौके पर ही आवेदकों की समस्या संबंधी आवेदन को संबंधित विभाग के अधिकारियों के माध्यम से निराकृत किया। साथ ही अन्य आवेदकों को उनकी समस्या का शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया। जनचौपाल में ग्राम सुपेबेड़ा के राहुल कुमार ने अनुकम्पा नियुक्ति व संध्या क्षेत्रपाल ने राहत पेंशन देने, ग्राम बोरिद के जीवनराम भुंजिया ने आठवीं की मूलप्रति अंकसूची गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति प्रदान करने, ग्राम कुम्ही (राजिम) के लोगों ने 2021 में मेला महोत्सव राजिम में किये गए कार्य की राशि दिलाने, ग्राम तेतलखुटी के दुवारु राम सोनवानी ने राशन कार्ड अन्य ग्राम पंचायत में स्थानांतरण कर राशन से वंचित करने व प्रताड़ित करने, ग्राम मुंगझर के गोवर्धन यादव ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दिलाने, ग्राम बकली के निर्मल बंजारे ने इंदिरा आवास योजना के तहत रुके राशि भुगतान कराने, ग्राम सिर्रीखुर्द के गौठान समिति के अध्यक्ष श्री परदेशी राम निषाद ने गोबर विक्रेताओं को राशि दिलाने, ग्राम कोकड़ी के हीना ध्रुव ने जीविकोपार्जन के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किये। इस अवसर पर जिला पंचायत की सीईओ रोक्तिमा यादव,संयुक्त कलेक्टर ऋषा ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर पूजा बंसल सहित जिला अधिकारी मौजूद थे।

# कोरोना के दो वर्ष बाद गणेशोत्सव की तैयारियां जोरों पर

**जगदलपुर ।** बस्तर जिले के ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों में कोरोना के दो वर्ष बाद गणेशोत्सव की तैयारियां जोरों पर है, 31 अगस्त को गणपति की स्थापना की जायेगी। मूर्तिकार भगवान गणेश की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। गणेशोत्सव के लिए भगवान गणेश की बड़ी प्रतिमाओं के साथ ही छोटी मूर्तियां भीं बनाई जा रही हैं। मूर्तिकार अमितोश सरकार ने बताया कि बीते दो वर्ष गणेशोत्सव पर कोरोना का साया रहा। इससे मूर्तिकारों को बहुत नुकसान हुआ था। मूर्तिकार ने बताया कि लगभग 20 प्रतिशत तक मूर्तियां महंगी हो गई है। इस बार 31 अगस्त को गणपति पूजा है, पूरे क्षेत्र में 11 दिनों तक भगवान गणेश की पूजा होगी। यहां जगह-जगह पंडाल बनाए जाएंगे जिसमें गणपति बप्पा की मूर्तियों को स्थापित किया जाएगा। मूर्तिकार और कारीगर गणेश प्रतिमा को बनाने के काम में जोर-शोर से जुट गए हैं।

# गोंडवाना समाज ने बच्चों को जहर देकर पानी में डुबाकर हत्या करने का लगाया आरोप

**कोंडागांव ।** स्वामी आत्मानंद इग्लिश मीडियम स्कूल कोंडागांव में 29 जुलाई पानी में डूबने से चार आदिवासी बच्चों को लेकर आज गोंडवाना समाज समन्वय समिति कोंडागांव, ने पहले चौपाटी ग्राउड में आमसभा को संबोधित किया और कहा कि इन चार आदिवासी बच्चों की मौत पानी में डूबने से नहीं हुई बल्कि उनको मारा गया है। चौपाटी ग्राउंड से होते हुए थाने का घेराव किया गया, जिससे लगभग 2 घंटे तक चक्का जाम की स्थिति बनी रही। गोंडवाना समाज ने पुलिस से 16 बिन्दुओं में जानकारी मांगी है। समाज के लोगों का कहना है कि बच्चों को खाद्य सामग्री में नशीले पदार्थ/जहर खिलाकर पानी में डुबाकर हत्या की गई है। गोंडवाना समाज समन्वय समिति ने राज्यपाल के नाम से कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा है।

एसडीओपी निमितेश सिंह ने कहा कि गोंडवाना समाज के लोगों के द्वारा कुछ बिन्दुओं पर जांच की मांग की गई है। हमारे द्वारा आश्वसन दिया गया कि उचित जांच की जायेगी। उन्होंने बताया कि हमारी जांच जारी है, उनकी जो मांग है उस पर भी जांच करेंगे।

# बस्तर के युवराज ने जीता विश्व म्यूथाई चैम्पियंसशिप में काँस्य पदक


## छत्तीसगढ़ से चयनित एकमात्र खिलाड़ी की उपलब्धि

**जगदलपुर ।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त संस्था आईएफ्एमए की भारत में मान्यता प्राप्त संस्था यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इण्डिया के तत्वावधान में 33 सदस्यीय भारतीय म्यूथाई दल मलेशिया में आयोजित आईएफ्एमए विश्व म्यू थाई चैम्पियंसशिप में भाग लेने क्वालालम्पुर मलेशिया गया था।

बस्तर अंचल से गत पांच वर्षों से अपने वेट में 14 वर्षीय म्यूथाई चैंपियन जगदलपुर निवासी युवराज सिंह राजपूत ने भारत का प्रतिनिधित्व कर काँस्य पदक जीतकर बस्तर को विश्व स्तर पर स्थापित किया। सेमीफाइनल में युवराज का मुकाबला उज़्बेकिस्तान के सुलयमो सल्टेबोएव से हुआ। युवराज अच्छे प्रदर्शन के बावजूद अंकों से परास्त हुआ। नियमानुसार सेमीफाइनल लूज़र को काँस्य पदक दिया जाता है। अतः युवराज ने भारत के लिए काँस्य पदक प्राप्त किया। युवराज छत्तीसगढ़ राज्य से एकमात्र चयनित खिलाड़ी हैं, जिन्होंने इस विश्व चैंपियनशिप में भाग लिया।

युवराज के पिता राजेन्द्र सिंह राजपूत भी अपने पुत्र के साथ मलेशिया गए थे। चूंकि युवराज नाबालिग है अतः पिता के संरक्षण में युवराज को जाने की अनुमति थी।

# विश्व मच्छर दिवस पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**अम्बिकापुर ।** कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पीएस सिसोदिया के मार्गदर्शन में शनिवार को विश्व मच्छर दिवस मनाया गया। इसके अंतर्गत मच्छरों से होने वाली बीमारियों मलेरिया, डेगू, फाईलेरिया, जापानी इंसेफेलाइटिस, चिकनगुनिया आदि से बचाव एवं नियंत्रण हेतु जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। जन जागरूकता रैली, बैठक, स्कुल एवं आश्रम में स्वास्थ्य शिक्षा, सोर्स रिडक्शन, बैनर प्रदर्शन एवं विभिन्न माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया। जिला मलेरिया अधिकारी राजेश गुप्ता ने बताया कि मनुष्य में मलेरिया रोग के संचार के लिये मादा मच्छर उत्तरदायी है। मच्छरों में मनुष्य के भीतर रोग संचार करने की क्षमता होती है। विश्व में प्रतिवर्ष लाखों लोगां की मृत्यु मच्छरों से होने वाली बीमारियों के कारण हो जाती है।

# जिले के विद्यार्थियों ने सिनेमा घर में देखी गांधी फिल्म



**शासन के निर्देशानुसार विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क किया गया फिल्म का प्रदर्शन**

**रायगढ़ ।** छत्तीसगढ़ शासन राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार रायगढ़ जिले में 20 से 30 अगस्त 2022 तक सभी मॉल व मल्टीप्लेक्स तथा टॉकीज में प्रातः 9 बजे से 12.30 बजे तक रिचर्ड एटनबेरो कृत ऐतिहासिक गांधी फिल्म का निःशुल्क प्रदर्शन किया जाना है। जिसके तहत रायगढ़ जिले के गोपी टॉकीज व ग्रांड माल में रिचर्ड एटनबरो कृत ऐतिहासिक फिल्म %गांधी% का निःशुल्क प्रदर्शन किया गया। विदित हो कि यह फिल्म शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 11 वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को दिखाने हेतु प्रदर्शित की जा रही है। इसी कड़ी में 21 अगस्त 2022 को रायगढ़ जिला मुख्यालय के गोपी टॉकीज व ग्रांड मॉल में बच्चों के लिए फिल्म गांधी का निःशुल्क प्रदर्शन किया गया। गोपी टॉकीज में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जूटमिल रायगढ़ के लगभग 150 बच्चों ने महात्मा गांधी पर आधारित फिल्म गांधी का आनंद लिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं विद्यालय के प्राचार्य, व्याख्याता एवं शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने पूरे उत्साह व अनुशासन के साथ फिल्म गांधी देखा। स्कूली बच्चों ने पूर्ण अनुशासित होकर अपने विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में मल्टीप्लेक्स में फिल्म गांधी के विभिन्न पहलुओं को बड़ी गंभीरता के साथ देखा एवं फिल्म प्रदर्शन के पश्चात अपने जिज्ञासा को संबंधित शिक्षकों एवं जिला प्रशासन से आए हुए अधिकारियों के मध्य साझा किया। फिल्म देखने के बाद बच्चों ने प्रतिक्रिया स्वरूप कहा कि यह फिल्म उनके लिए दो तरह से लाभकारी रही। एक तो वे सभी इस ऐतिहासिक फिल्म को देख पाए तथा दूसरा मॉल व मल्टीप्लेक्स जैसे आकर्षक जगह को देख व घूम पाए। इस तरह रविवार का यह दिन उनके लिए अविस्मरणीय रहा। आज फिल्म के प्रदर्शन के समय जिला शिक्षा अधिकारी श्री आर.पी.आदित्य सभी जगह उपस्थित रहकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते रहे। उनके मार्गदर्शन में अवकाश के दिन बच्चों को अनुशासित व आरामदायक वातावरण में फिल्म देखने का अवसर प्राप्त हुआ। आज सभी प्रदर्शन स्थलों पर जिला, विकासखंड तथा संकुल स्तर के अधिकारी समन्वय आपस में समन्वय स्थापित करते हुए अनुशासन एवं व्यवस्था को संभाले हुए थे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य, जिला मिशन समन्वयक जे.के.राठौर, सहायक परियोजना अधिकारी, प्राचार्य चंद्रा, बीआरसीसी श्री मनोज अग्रवाल, सीएसई मनोज पटेल, प्राचार्य राजेश डेनियल, सीएसी सुरेश पटेल, जगत राम जाफरी सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे। गांधी फिल्म देखने वाले विद्यालयों में शासकीय उच्च माध्य विद्या चक्रधर नगर, उमावि जूटमिल, सरदार बल्लभभाई पटेल उत्कृष्ठ हिंदी माध्यम विद्यालय, शालिनी कॉन्वेंट स्कूल, तिलक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, बाबा आदर्श स्कूल चक्रधर नगर, सेंट्रल स्कूल रायगढ़ के विद्यार्थीगण एवं उनके मार्गदर्शक शिक्षक उपस्थित रहे।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, मंगलवार 23 अगस्त 2022

# संविदा कर्मचारी भी कमर कस चुके नियमितीकरण की मांग तथा तीन वर्ष से वेतन वृद्धि न करने से 54 विभाग के कर्मचारी आंदोलन पर जायेंगे

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**प्रदेश के सभी विभागों में कार्यरत 30 हजार से अधिक संविदाकर्मी वेतनवृद्धि और नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर 22 से 25 अगस्त तक सत्याग्रह में हैं।**




उन्होंने तय किया है कि पहले वे तिरंगा लगाकर काम करेंगे और सरकार का ध्यान अपनी समस्याओं की तरफ खीचेंगे इसके लिए मुख्यमंत्री से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे जाएंगे। सर्व संविदा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश सलाहकार आनंद मिरी ने बताया की 25 अगस्त तक कोई सकारात्मक रुझान नहीं दिखने पर विरोध स्वरूप प्रदेश के समस्त संविदाकर्मी 26 अगस्त को एकदिवसीय सामूहिक अवकाश पर रहेंगे और अपने-अपने जिला मुख्यालयों में तिरंगा यात्रा निकाल कर आमजनता को अपनी व्यथा कथा से अवगत कराएंगे। कर्मचारी संघ का कहना है कि कांग्रेस सरकार 10 दिन के भीतर नियमितीकरण के वादे के साथ सत्ता में आई थी। वो अपने वादे में खरा उतरना तो दूर, पूर्ववर्ती सरकार की तरह नियमित वेतनवृद्धि देने तक में असफल साबित हुई है, जिसका खामियाजा संविदाकर्मियों के परिजन भोग रहे हैं, इस भीषण मंहगाई में जहां नियमित कर्मचारियों को 28 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है वहीं संविदाकर्मी 2019 में प्राप्त वेतन को ही आज भी पा रहे हैं। इसमें एक प्रतिशत की भी वृद्धि नहीं हुई है। इसी क्रम में विकासखंड धरमजयगढ़ के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत अधिकारी कर्मचारी ने पहले दिन तिरंगा लगाकर ध्यान आकर्षित किया जिसमे डॉ. सोनम जोगवंशी, संजय मैत्री, सनत निषाद, गिरधारी पटेल, फि रतु सिदार, छाया राठिया, भूपेंद्र सिंह चौहान, ऋ चा उपाध्याय, अजय महिलांगे, चन्द्र विजय राठिया, सरोजनी अजय, सपना एक्का, प्रकाश प्रधान, मधुकर निषाद, गुलापी यादव, पद्मा तिर्की, तेजपाल बहरा उपस्थित रहे।

एक नजर

## चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

जगदलपुर। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर शाला में छात्राओं के मध्य चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई।। चित्रकला प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा देशभक्ति से जुड़ी चित्रकारी की गई। जिनमें कारगिल विजय दिवस, महापुरुषों के चित्र ,जवानों द्वारा बॉर्डर पर सीमा की सुरक्षा करते चित्र एवं राष्ट्रीय ध्वज जैसे अन्य चित्र सम्मिलित थे। अमृत महोत्सव से संबंधित मौखिक प्रश्न पूछे गए। छात्राओं को अमृत महोत्सव का महत्व भी बताया गया।

इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा निखर कर सामने आती है एवं उनमें राष्ट्रप्रेम जागृत होता है।

इस कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य श्रीमती सुधा परमार के मार्गदर्शन में व्यावसायिक प्रशिक्षिका श्रीमती पूजा वैष्णव झा (मीडिया) एवं श्वेता चंद्राकर (रिटेल) द्वारा किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 9वी से कक्षा बारहवीं तक की छात्राओं ने भाग लिया। जिनमें सुबती कश्यप,पदमवती मौर्य, परिणीता ध्रुव ,अपेक्षा यादव, तेजस्वी सहित अन्य छात्राएं सम्मिलित हुईं।

# कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन धरमजयगढ़ की अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन अपनी मांगों को लेकर दुर्गा मंच धरमजयगढ़ में हड़ताल पर बैठ गए हैं। दो सूत्रीय मांग महंगाई भत्ता और गृह भाड़ा भत्ता बढ़ाने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ के कर्मचारी अधिकारी संगठन 22 अगस्त से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर रहने का निर्णय लिया था। इस हड़ताल में लगभग सभी विभागों के कर्मचारी-अधिकारी संगठन शामिल हो रहे हैं। हड़ताल की वजह से स्कूलों में पढ़ाई, न्यायिक प्रक्रिया, राजस्व मामलों के निपटारे से लेकर सामान्य सरकारी कामकाज ठप हो गया है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन दो सूत्री मांग को लेकर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन कर रही है। इसमें केन्द्र के समान देय तिथि से 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं सातवें वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता देने की मांग शामिल है। पिछले दिनों संगठन ने पांच दिनों के लिए हड़ताल किया था। उसके बाद 6 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने का आदेश जारी हुआ है। इसे स्वीकार नहीं करते हुए संगठनों ने 22 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का फैसला किया था। इस आंदोलन में कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी संघ भी शामिल हो रहा है। बता दें कि फेडरेशन द्वारा जारी आंदोलन का यह चौथा चरण है। पहले ज्ञापन सौंपा कर शासन के समक्ष अपनी मांग रखी थी। जिसके बाद एक दिवसीय कलम बंद काम बंद करके हड़ताल किया था। लेकिन मांग पूरी नहीं होने पर पिछले माह पांच दिवसीय हड़ताल किया गया। अब चौथे चरण में अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू की गई है।

# सड़क में गड्ढे ही गड्ढे, वाहन चालकों को हो रही परेशानी, हादसे की भी आशंका

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



जिले के बिलासपुर क्षेत्र के पेंड्रा रोड खैरा से पचरा पुडु रिगवार जाने वाली सड़क काफी जर्जर हो गई है। जगह-जगह सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। बरसात में पानी भरे होने के कारण यहां दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है। सड़क की इस स्थिति से नागरिक खासे नाराज हैं। कई बार संबंधित अधिकारियों के पास गुहार लगाने के बावजूद भी सड़क नहीं सुधर पाई है।

बिलापुर जिले में सड़कों की जाल बिछा कर विकास के दावे किए जा रहे हैं। गांव-गांव में आवागमन के साधन के लिए सड़कें बनाई जा रहीं हैं। पर देखरेख के अभाव एवं गुणवत्ता में कमी के चलते सड़कें पहले ही जर्जर हो रही हैं। ये सड़कें जनता के लिए परेशानी का सबब बनकर आए दिन दुर्घटना को आमंत्रित कर रही हैं। मजबूरी में जनता उन बदहाल सड़कों पर जान जोखिम में डाल कर यात्रा करने को मजबूर हो जाती है। इन सड़कों पर विकास का वादा करने वाले जनप्रतिनिधि भी यात्रा करते हैं। पर वे भी पद में आने के बाद अपने वादे भूल जाते हैं।

खैरा से पुडु रिगवार उमरिया दादर को जोड़ने वाली सड़क काफी इंतजार के बाद बनी थी। ग्रामीणों ने बताया कि बीच में करीब 11-12 किलोमीटर की सड़क का काम काफी सालों से अटका हुआ था। काफी मांग के बाद सड़क का निर्माण पूरा हुआ था। पर बनने के कुछ ही महीनों बाद सड़क जगह-जगह से उखड़ने लगी। वर्तमान में इस सड़क की हालत यह है कि कई स्थानों पर सड़क है या नहीं, इसका पता ही नहीं चलता। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। यह सड़क यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। इस मार्ग पर प्रतिदिन लगभग 2 हजार वाहनों का आवागमन होता है।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा धरमजयगढ़ के कार्यकर्ता सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचेंगे रायपुर

## करेंगे मुख्यमंत्री निवास का घेराव

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को घेरने 24 अगस्त 2022को हल्ला बोल कार्यक्रम मुख्यमंत्री निवास का घेराव कार्य क्रम प्रात: 11, बजे किया जाना है, इस संबंध में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शशि पटेल ने बताया की धरमजयगढ़ से सैकड़ों की संख्या में जांबाज कार्यकर्ताओं की टोली जाएगी, जिसके लिए बस और कार बुलेरो आदि की व्यवसथा की गई है। विदित हो कि पूरे प्रदेश से रायपुर में एक लाख की संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता जुटेंगे। भूपेश सरकार की वादा खिलाफ ी के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए बेरोजगारों को रोजगार अथवा बेरोजगारी भत्ता मिले। वैसे इस कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है, और लोग कब कैसे जाना है पुछते हुए नजर आ रहे हैं।

# विप्र फाउंडेशन का परशुराम कुंड अभियान जोरों पर

## पहले ही दिन एकत्रित हुए लाखों रुपये

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



विप्र समाज की अग्रणी संस्था विप्र फाउंडेशन के नेतृत्व में भारत सरकार एवं अरूणाचल प्रदेश सरकार के द्वारा भगवान परशुराम कुंड पर्यटन स्थल विकसित किया जा रहा है। जिसके लिए रायगढ़ में सहयोग राशि एकत्रित करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष रामचन्द्र शर्मा के नेतृत्व में एवं आईटी सेल के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयपुर से आए माधव शर्मा के आतिथ्य में विप्र फाउंडेशन के द्वारा आरंभ किया गया। जिलाध्यक्ष विजय शर्मा ने बताया कि पूरे देश से 11 करोड़ रुपये की राशि एकत्रित करने के लिए परशुराम कुंड अभियान पूरे देश में आरंभ किया गया है। इसी अभियान के तहत प्रदेश अध्यक्ष रामचन्द्र शर्मा के नेतृत्व में पूरे छत्तीसगढ़ में यह अभियान चलाया जा रहा है। इसकी देखरेख एवं प्रबंधन के लिए दीपक शर्मा को संयोजक नियुक्त किया गया है। विप्र फ ाउंडेशन की बैठक में इसका शुभारंभ किया गया। जिसमें स्व. जगराम शर्मा के चारों सुपुत्रों सुरेन्द्र शर्मा एवं अन्य के द्वारा 2 लाख 2 हजार 202 रुपये की राशि एवं नवीन शर्मा के द्वारा 51 हजार रुपये की राशि देकर शानदार शुरूआत की गई। आने वाले समय में यह अभियान युद्ध स्तर पर जारी रहेगा। राष्ट्रीय संरक्षक सत्यनारायण शर्मा जी एवं संयोजक सुशील ओझा व प्रदेश प्रभारी चरण शर्मा जी के मार्गदर्शन में यह अभियान पूरे छत्तीसगढ़ में जोर-शोर से चलाया जा रहा है। रायगढ़ जिले से भी काफी सहयोग सर्व समाज के लोगों से प्राप्त हो रहा है। विप्र फाउंडेशन लगातार सर्व समाज के हित में कार्य करता रहा है । भगवान परशुराम जी की मूर्ति लगाकर इसे और आगे बढ़ाया जाएगा।

# ग्राम गुड़रूडीह के स्कूली बच्चों के बीच हुई पेंटिंग प्रतियोगिता

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



सद्भावना दिवस के अवसर पर रविवार को महासमुंद विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम गुरुडीह के स्कूल बच्चों के द्वारा ड्राइंग, पेंटिंग बनाएगा जिसमें प्रथम, द्वितीय, तीसरा आने वाले बच्चो को शील्ड, मैडल, पेंन, कापी से पुरस्कृत करने के लिए कला प्रतियोगिता आयोजत की गई। इसमें शामिल कलाकारों की पेंटिंग और हस्तकलाओं की उत्कृष्टता तय करने के लिए छह सदस्यीय कमेटी बनी थी। यहां बच्चों ने स्वच्छता, पर्यावरण, जल जंगल जमीन का पेंटिंग बनाकर सभी को अपनी पेन्टीन्ग की आकर्षित किया । प्रतियोगिता का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि रहे किसान नेता अशवन्त तुषार साहू ने किया। किसान नेता अशवन्त तुषार साहू ने कहा प्रदर्शनी प्रतियोगिता छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा निखारने का बेहतर मौका प्रदान कर रहा है। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को शील्ड, मैडल, पेंन, कापी सम्मानित कर उनके अलावा पेंटिंग प्रतियोगिता में जितने भी छात्र है भाग लिया थे सभी को पेन कापी देकर पुरस्कृत किया जायेगा। सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया इस बीच विजेता और उपविजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के संचालक नरेंद्र ध्रुव ने बताया कि पेंटिंग प्रतियोगिता को तीन श्रेणी में बांटा गया था। इसमें प्रिया ध्रुव और शालू ध्रुव प्रथम, 12-15 वर्ष की कैटिगरी में व फ लेश्वरी ध्रुव, पार्वती ध्रुव द्वितीय, 8-12 साल की कैटिगरी में व नंदनी ध्रुव और बिमला ध्रुव, 5-8 तीसरा स्थान हासिल किया। मुख्य अतिथि किसान नेता अशवन्त तुषार ने प्रिया ध्रुव और शालू ध्रुव प्रथम, नंदनी ध्रुव और बिमला ध्रुव, द्वितीया, फ्लेश्वरी ध्रुव, पार्वती ध्रुव तीसरा स्थान प्राप्त किया सभी को पेन कापी, ट्रॉफ ी व पदक पहनाकर पुरस्कृत किया। इस दौरान जनपद सदस्य रमाकांत ध्रुव, प्रीतम पटेल, नन्द कुमार ध्रुव, आमजद खान, परस पटेल, नारायन पटेल, धनीराम ध्रुव, मन्नू ध्रुव, धनेंद्र साहू, धनंजय साहू अत्यधिक संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## जिले के पुलिस कप्तान का एक और अभियान

# महासमुन्द में पुलिसिंग को चुस्त-दुरुस्त करने बढ़ाई गई चौकसी

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुन्द।



अपराधियों पर नजर रखने, शहर की यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए जिला पुलिस अधियान चला रही है। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के मार्गदर्शन में सोमवार को सभी थाना क्षेत्रों में बाजार एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस सघन पैदल पेट्रोलिंग व चेकिंग अभियान चल रही है। आगामी दिनों त्योहारों के मद्देनजर बाजारों में भीड़भाड़ को देखते हुए व्यापारियों एवं बाजार की सुरक्षा के लिए सभी थाना क्षेत्रों में चेकिंग की जा रही है। बाजार व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुगम यातायात व पार्किंग व्यवस्था बनाए रखने पुलिस सड़कों पर निकली है। व्यापारियों व बाजारों की सुरक्षा को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। संदिग्ध लोगों पर नजर रखते हुए पुलिस लगातार जांच कर रही है। रात को भी फि क्स पाइंट और पेट्रोलिंग पाइंट बढ़ाया गया है। वहीं बाजारों व चौकों के सीसीटीवी कैमरे से सुरक्षा व्यवस्था की जांच की जा रही है। इसी के तहत पुलिस अधीक्षक महासमुंद भोजराम पटेल के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों के बाजार क्षेत्रों व भीड़भाड़ वाले इलाके में पुलिस की टीम सघन पैदल पेट्रोलिंग व चेकिंग अभियान चला रही है। आगामी त्यौहारो के मद्देनजर बाजारों के सुव्यवस्थित व्यवस्थापन बेहतर यातायात बेहतर पार्किंग तथा बाजार में आने वाले व्यापारियों तथा ग्राहकों की सुरक्षा के मद्देनजर आज पुलिस अधीक्षक महासमुंद के निर्देशन में जिले के समस्त थाना प्रभारी अपने थाने के बल के साथ बाजार क्षेत्रों के सघन पैदल पेट्रोलिंग वह चेकिंग अभियान हेतु बाजारों में भ्रमण कर रहे हैं। बाजार की सड़कों, चौक-चौराहों वर लगे सीसीटीवी कैमरे तथा आने-जाने वाले संदिग्धों की भी जांच की जा रही है।

एसपी के अनुसार व्यापारियों व बाजार की सुरक्षा के लिहाज से इस प्रकार की चेकिंग लगातार आगे भी जारी रहेगी। एसपी पटेल के अनुसार समय-समय पर व्यापारी संघ व प्रतिनिधियों से चर्चा कर बेहतर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में उनका बेहतर सहयोग मिलेगा। समन्वय के साथ सुरक्षा के लिए निर्देशित किया गया है। इस तरह की जांच कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरेपुंजे के पर्यवेक्षण में सभी पुलिस अनुविभागीय अधिकारी व थाना प्रभारियों की सक्रिय भागीदारी है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in